ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 316 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

14 मई 2025 बुधवार

# बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

36 अधिकतम

27 न्यूनतम



Page-7

## भारत के सख्त रुख के बाद पाकिस्तान ने बीएसएफ जवान को छोड़ा

# चीन का दुस्साहस, अरूणाचल में नाम बदले तो भारत ने लगाई कड़ी फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर सीजफायर का समझौता भले है लेकिन तनाव दूर नहीं हुआ है। अब पाकिस्तान लगातार इस बात को छुपाने की नाकाम कोशिश कर रहा है कि भारतीय सेना के हमले में उसे कितना भारी नुकसान हुआ है। अब चीन ने भी कुछ हरकतें शुरू की हैं लेकिन भारत ने इस पड़ोसी देश को भी तगड़ा जवाब देना शुरू कर दिया है। आज सुबह भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा- हमने देखा है कि चीन अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के नामकरण के अपने व्यर्थ और बेतुके प्रयासों में लगा हुआ है। हम इस तरह के प्रयासों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। स्थानों के नाम बदलने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। इस बीच आज पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के जश्न में आज देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। उप्र के लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने कहा-पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के बर्बर कृत्य की पूरी दुनिया ने निंदा की। पाकिस्तान और उसके आका इस पूरी घटना पर मौन रहे। भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया और पूरी दुनिया को संदेश दिया कि हम किसी को परेशान नहीं करेंगे, लेकिन अगर कोई हमें छेड़ेगा तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं।

इधर ऑपरेशन सिंदूर के कारण 7 मई और 12 मई को रवाना होने वाले हज यात्रियों की रद्द की गई सात फ्लाइट्स आज से शुरू हुई हैं। श्रीनगर एयरपोर्ट पर भी फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हुए हैं। दूसरी तरफ, पंजाब के अमृतसर एयरपोर्ट पर भी मंगलवार-बुधवार की रात पहली फ्लाइट लैंड हुई। यह फ्लाइट कतर एयरवेज की थी। इंडिगो एयरलाइंस ने भी पंजाब के लिए बुधवार से फ्लाइट शुरू करने की घोषणा कर दी है।



### तबाह एयरबेस की तस्वीरें सामने आई

■ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह किए थे। अब प्राइवेट कंपनी मैक्सार ने इन तबाह एयरबेस की सैटेलाइट तस्वीरें जारी की हैं। इनमें सरगोधा, नूर खान, भोलारी और सुक्कुर एयरबेस शामिल हैं। फोटोज में साफ देखा जा सकता है कि हमले के पहले और बाद में वहां क्या स्थिति थी। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान लगातार हवाई दावे करके अपना नुकसान छिपाने की कोशिश में हैं।

### कश्मीर में एनकाउंटर, तीन आतंकी ढेर

■ सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन केलर के तहत जम्मू-कश्मीर के शोपियां में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी मार गिराए हैं। ज्ञात हो कि केलर शोपियां जिले का एक इलाका है। इधर भारत ने पाकिस्तानी अफसरों को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने को कहा है। ये अफसर फिलहाल दिल्ली स्थित पाकिस्तान हाई कमीशन में तैनात हैं। भारत ने कुछ दिनों पहले इस आशय का फैसला लिया था। पाकिस्तान रेंजर्स की ओर से हिरासत में लिए गए बीएसएफ कॉन्स्टेबल पूर्णम कुमार साहू रिहा हो गए हैं। उन्हें अटारी बॉर्डर से भारत भेज दिया गया है। 20 दिन पहले पाकिस्तान ने बीएसएफ जवान पुर्नम कुमार साहू को पकड़ लिया था। पहलगाम हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को पुर्नम गलती से पाकिस्तान बॉर्डर में चले गए थे। इसके बाद से वह लापता थे। उनकी गर्भवती पत्नी, पति की वापसी के लिए लगातार प्रयास कर रही थीं।

### पाकिस्तान ने बीएसएफ कांस्टेबल को छोड़ा



■ बंगाल के रहने वाले बीएसएफ कांस्टेबल पूरन कुमार शॉ आभ भारत लौट आए। उन्हें पाकिस्तान में 23 अप्रैल से हिरासत में रखा गया था। वह वाघा-अटारी बॉर्डर से भारत आए। पूर्णम को तब पकड़ा गया था जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बहुत बढ़ गया था। उन्हें मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया है। पूछताछ के बाद उन्हें घर जाने दिया जाएगा। पाक ने दो फोटो जारी की थीं। पहली फोटो में पूर्णम पेड़ के नीचे खड़े थे। दूसरी में की आंखों पर पट्टी बंधी थी।

### जयशंकर की सुरक्षा बढ़ी, बुलेटप्रूफ गाड़ी मिली

■ विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सुरक्षा में बढ़ोतरी की गई है। खबरों के मुताबिक पाकिस्तान से तनाव के बीच गृह मंत्रालय ने जयशंकर की बढ़ी हुई सुरक्षा में विशेष



बुलेटप्रूफ कार को शामिल किया है। दिल्ली में उनके आवास के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की है। जयशंकर को पहले से ही जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। उनकी सुरक्षा के लिए 33 कमांडो की एक टीम 24 घंटे तैनात रहती है।

## अंडमान में मानसून की दस्तक मध्यप्रदेश में एंट्री 15 जून तक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौसम विभाग ने बिहार-छत्तीसगढ़ समेत 14 राज्यों में आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की है। गुजरात, असम समेत 9 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। वहीं, झारखंड और उत्तर प्रदेश में एक बार फिर गर्मी बढ़ सकती है और यहां उमस की संभावना है। राजस्थान के 11 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। कल भी दोपहर बाद अलवर, भरतपुर, जयपुर समेत कई शहरों में बारिश हुई।



वहीं, बाड़मेर, जैसलमेर में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। इधर, मंगलवार को मौसम विभाग ने बताया कि देश की लाइफलाइन दक्षिण-पश्चिम मानसून ने निकोबार द्वीप समूह पर दस्तक दे दी है। हर साल 22 मई के आसपास अंडमान में प्रवेश करने वाला मानसून इस साल नौ दिन पहले आया है। इससे 16 से 22 मई के बीच कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है, जो 23 से 28 मई के बीच साइक्लोन 'शक्ति' का रूप ले सकता है। मध्यप्रदेश में मानसून की एंट्री 15 जून तक हो सकती है। इससे पहले प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहेगा। आज बुधवार को भोपाल समेत 25 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट है।

## शाह पर कांग्रेस के तेवर कड़े, एफआईआर कराएगी, मुंह काला करने पर ईनाम

**भोपाल।** भारतीय सेना में कर्नल सोफिया कुरैशी पर मप्र के कैबिनेट मंत्री विजय शाह के अमार्यादित बयान को लेकर अब मप्र कांग्रेस ने एफआईआर दर्ज कराने का फैसला लिया है। पार्टी की तरफ से कहा गया है कि आज दोपहर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध अपमानजनक बयान देने वाले मंत्री विजय शाह के खिलाफ



केस दर्ज कराने पुलिस थाने पहुंच रहे हैं।पटवारी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने और उनके खिलाफ देशद्रोह सहित कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सीएम यादव भी बयान के प्रति अपनी स्थिति स्पष्ट करें और इस अपराध के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी लें। वहीं, इंदौर में कांग्रेस पार्षद यशस्वी पटेल ने घोषणा की है कि वे मंत्री शाह का मुंह काला करने वाले को 51 हजार रुपए का इनाम देंगी। इससे पहले महिला कांग्रेस और सेवादल ने मंत्री विजय शाह का पुतला जलाया। नारेबाजी की। कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के पोस्टर का दूध से अभिषेक किया। इधर भोपाल में समाजवादी पार्टी ने शाह के बंगले पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है। बंगले की सुरक्षा बढ़ाते हुए 10 अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

## सेना प्रमुखों का विशेषज्ञों व पूर्व सैनिकों संग मंथन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन और इस दौरान तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के बारे में थिंक टैंक के विशेषज्ञों तथा पूर्व सैनिकों के साथ गहन मंथन किया है। एकीकृत रक्षा मु यालय की ओर से बुधवार सुबह बताया गया कि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायु सेवा प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने सुबह रक्षा थिंक टैंक के विशेषज्ञों और पूर्व सैनिकों के साथ ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन में भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई और संचालन प्रक्रिया पर चर्चा की। इस संवाद के दौरान ऑपरेशन के दौरान तीनों सेनाओं और अन्य पदों के बीच शानदार तालमेल के बारे में विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान सेनाओं के बीच परस्पर और अन्य बलों के साथ सामंजस्य का असाधारण नमूना देखने को मिला। शीर्ष सैन्य नेतृत्व में इस बात पर भी प्रकाश डाला कि किस तरह से तीनों सेनाओं ने स्पष्ट रूप से बताए गए रणनीतिक मार्गदर्शन के माध्यम से ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा किया।

## पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार यूपीएससी अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के मंगलवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संविधान के अनुच्छेद 316(1) के तहत डॉ. अजय कुमार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। आदेश के अनुसार यूपीएससी के



अध्यक्ष के रूप में डॉ. अजय कुमार का कार्यकाल उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से शुरू होगा। उनकी नियुक्ति की अवधि संविधान के अनुच्छेद 316(2) के प्रावधानों के अनुसार विनियमित होगी और सेवा की शर्तें समय-समय पर संशोधित यूपीएससी (सदस्य) विनियम, 1969 द्वारा शासित होंगी। उल्लेखनीय है कि श्री अजय कुमार ने वर्ष 2019 से 2022 तक रक्षा सचिव के रूप में काम किया था।

### गौहरगंज में मेट्रो कोच कारखाना बनेगा

## बेंगलुरू में सीएम यादव निवेशकों के बीच, बीईएमएल को सौपा आवंटन पत्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में आज राज्य के अफसर बेंगलुरु में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड को आवंटन पत्र सौंपेंगे। दरअसल बीईएमएल ने रायसेन जिले के गौहरगंज में हाईस्पीड रेल और मेट्रो कोच बनाने का कारखाना लगाने पर सहमति जताई है।



आवंटन पत्र सौंपने के साथ सीएम संस्थान का विजिट भी करेंगे। वे 2100वें मेट्रो कोच के लोकार्पण समारोह में सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही बेंगलुरु में इंटरेक्टिव सेशन और निवेशकों के साथ वन टू वन भी होगा। जिसमें प्रदेश के औद्योगिक वातावरण की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, ऑटोमोबाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी सेक्टर के निवेशकों के साथ सीएम की चर्चा होगी। यादव आज दोपहर बाद बेंगलुरु में सी-इन्वेस्ट इन एमपीसी सत्र में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री इन्वेस्टमेंट अपॉरच्युनिटी इन मध्यप्रदेश विषय पर आयोजित इंटरेक्टिव सेशन को संबोधित कर राज्य की औद्योगिक क्षमताओं और नीतिगत प्रतिबद्धताओं को देश के अग्रणी निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

## गवई देश के नए सीजेआई, राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने आज देश के 52वें चीफ जस्टिस पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जस्टिस गवई को शपथ दिलाई। मौजूदा सीजेआई संजीव खन्ना का कार्यकाल कल खत्म हो चुका है। खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का ही नाम था। हालांकि उनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का ही होगा, लेकिन जस्टिस गवई देश के दूसरे दलित और पहले बौद्ध चीफ जस्टिस हैं उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवंबर 2025 है। आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। सीजेआई गवई की मां कमलताई ने कहा, 'मैंने हमेशा चाहा था कि मेरे बच्चे अपने पिता के रास्ते पर चलें और



समाज की सेवा करें। भूषण ने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया और मेहनत से आज इस ऊंचे पद तक पहुंचे हैं।' उल्लेखनीय है कि गवई ने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया। 1987 में बॉम्बे हाईकोर्ट में स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू की।

### तो भरोसा प्रभावित हो सकता है..

जस्टिस गवई ने कुछ महीने पहले अहमदाबाद में न्यायिक अधिकारियों के वार्षिक सम्मेलन में कहा था कि पद पर रहते हुए और शिष्टाचार के दायरे से बाहर जज के किसी राजनेता या नौकरशाह की प्रशंसा करने से पूरी न्यायपालिका में लोगों का भरोसा प्रभावित हो सकता है। चुनाव लड़ने के लिए किसी जज का इस्तीफा देना निष्पक्षता को लेकर लोगों की धारणा को प्रभावित कर सकता है। ज्यूडिशियल एथिक्स और ईमानदारी ऐसे बुनियादी स्तंभ हैं जो कानूनी व्यवस्था की विश्वसनीयता को बनाए रखते हैं।

**मेट्रो एंकर** भारत-पाक तनाव के बीच इस कंपनी पर फिलहाल दुनियाभर की नजरें

## इस बार शेयर मार्केट के बहाने राफेल पर निगाहें !

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



इन दिनों भारत- पाकिस्तान के बीच तनाव, हवाई संघर्ष और सीजफायर के बीच फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी डसॉल्ट एविएशन की खूब चर्चा हो रही है। देश में राफेल करीब छह वर्ष पहले जबर्दस्त सियासी तनातनी का भी हिस्सा बना था। अब इस कंपनी पर फिलहाल दुनियाभर की नजरें हैं। दरअसल, भारत-पाकिस्तान टेंशन के बीच राफेल बनाने वाली कंपनी डसॉल्ट एविएशन का शेयर रॉकेट बन गए थे। 2025 में अब तक कंपनी के शेयर में 63% से ज्यादा की तेजी आई थी। मगर अब इसमें बड़ी गिरावट है। पेरिस स्टॉक एक्सचेंज की प्रमुख इंडेक्स यूरोनेक्स्ट पेरिस पर डसॉल्ट एविएशन के शेयर 7% तक क्रैश हुए। इससे पहले भी पिछले कारोबारी दिन में कंपनी के शेयर 3.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए थे।

दरअसल, डसॉल्ट एविएशन राफेल लड़ाकू विमानों का निर्माता है, जिनका इस्तेमाल भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तानी क्षेत्र में आतंकी ठिकानों, यानी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान के आतंकी शिविरों पर सटीक हमले करने के लिए किया था। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक जब इस दौरान राफेल लड़ाकू विमानों को मार गिराए जाने की खबर आई तो प्रतिक्रिया देते हुए एयर मार्शल एके भारती ने इन दावों की न तो पुष्टि की है और न ही खंडन नहीं किया, बल्कि यह कहा कि 'नुकसान किसी भी युद्ध परिदृश्य का हिस्सा है।' ज्ञात हो कि पाकिस्तान ने बयान राफेल को लेकर दिया था कि उसने भारत के कई राफेल उड़ा दिए, हालांकि, ये झूठ फैलाने वालों को फ्रांस ने जवाब दिया था फ्रांस ने बताया कि उसके पास इसकी कोई जानकारी नहीं है कि कोई राफेल गिराया गया है। फ्रांस ने कहा कि भारत का ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ है और यह समर्थन के लायक है। खास बात यह कि भारत के साथ 3-4 दिन चली इस तनातनी में पाकिस्तान से सारे देशों ने पल्ला झाड़ लिया, यहां तक की उसका जिगरी दोस्त चीन भी साथ खड़ा नजर नहीं आया।

### भारत की 63 हजार करोड़ की डील

उल्लेखनीय है कि भारत ने फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन के साथ करीब 63 हजार करोड़ की डील की है। डील के तहत 26 और राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के लिए एक एग्रिमेंट पर साइन किए गए थे। समुद्री हमले, एयर डिफेंस और अन्य मिशनों के लिए डिजाइन किए गए 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की डिलीवरी 37-65 महीनों में होने की बात कही जा रही है।

### कई तारीखें बीत रहीं, काम अधूरा, लागत भी करीब दोगुनी हुई

# नए ननि मुख्यालय को फिर किसी नई डेडलाइन का इंतजार

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**राजधानी में नगर निगम का नया मुख्यालय बनकर तैयार होने में अभी कितना वक्त और लगेगा, यह बताने की स्थिति में अफसर नहीं है। वजह यह कि निगम ने लिंक रोड-2 पर सेकंड स्टॉप के पास अपने इस मुख्यालय का निर्माण 15 मई तक पूरा करने की डेडलाइन बनाई थी लेकिन यह कल बीत जाने वाली है और अधूरा काम पूरा होना मुश्किल है। अभी बीते कुछ दिनों से यहां कोई काम नहीं हो रहा है। उधर बरसात भी सिर पर है। खास बात यह है कि इस तरह हर बार बढ़ती डेडलाइन के कारण बिल्डिंग की लागत 22 करोड़ रुपए से बढ़कर 40 करोड़ तक हो गई है।**

## उद्धाटन की तारीख बढ़ाकर की गई थी 15 मई

नगर निगम ने पहले तो 30 अप्रैल को उद्धाटन की तारीख रखी थी, जिसे बढ़ाकर 15 मई कर दिया गया था। इसके बाद भी कोई यह बताने की स्थिति में नहीं है कि यह कब तक तैयार होगा। वहीं नगर निगम के हालात यह हैं कि बीते दस साल में तीन जगह ऑफिस शिफ्ट हो चुके हैं। इसके बाद भी शहर के 10 से ज्यादा अलग-अलग जगहों पर अब निगम के विभिन्न शाखा के दफ्तर लग रहे हैं। ऐसे में लोगों को अलग-अलग जगहों पर अपने काम के लिये भटकने को मजबूर हैं। हालांकि अफसरों का कहना है कि ठेकेदारों को जल्द काम करने को कहा गया है। हाल में मुख्यालय की बिल्डिंग में काम करने वाले सभी ठेकेदारों के साथ बैठक भी की जा चुकी है ताकि जल्द काम पूरा हो सके। लेकिन कुछ दिनों में बरसात का मौसम आने के बाद आशंका है कि निगम मुख्यालय बनकर पूरा तैयार होने तथा इसके लोकार्पण में और समय लग जाए।



### मुख्यालय में अभी भी यह काम होना है बाकी

अभी निगम मुख्यालय पर लाइटिंग फिटिंग, विंडो पर कांच लगना बाकी बताए जा रहे हैं। बिल्डिंग के बेसमेंट में फायर सिस्टम नहीं लगा है, लाइटिंग फिटिंग भी नहीं हो पा रही है। 8 मंजिला बिल्डिंग में अभी लिफ्ट लगना बाकी है। फॉल सीलिंग का काम चल रहा है। कई खिडकियों पर कांच नहीं लगे हैं।बताया जाता है कि एयर कंडीशनर, बिजली, लिफ्ट और फिनिशिंग कार्य बाकी हैं।

## सरकार संवेदनशील, अफसर दबा रहे कर्मचारियों की फाइलें

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

सरकार कर्मचारी हितों को लेकर काम कर रही है। हाल के महीने में एक के बाद एक बड़े फैसले लिए है, जिनमें भत्तों का पुन:निर्धारण से लेकर कर्मचारियों के लिए तबादला नीति लाने, उन्हें शेष रहे डीए का लाभ देने जैसे मामले शामिल है। इसके बावजूद किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की सुनवाई नहीं हो रही है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों द्वारा राजपत्रित अधिकारी का दर्जा मांगा जा रहा है तो कृषि विस्तार अधिकारियों ने 2800 ग्रेड देने की मांग दोहरा दी है। वहीं समयमान वेतनमान की मांग भी तेजी से उठ रही है।

जबकि राजस्व विभाग की तरह एग्रीस्टेक भत्ता, अतिरिक्त् केंद्र भत्तों की मांग भी लगातार उठ रही है। वहीं खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने को लेकर संगठन अड़े हुए हैं। अप्रैल में इन्हीं मांगों को लेकर अधिकारी, कर्मचारियों ने 15 से 30 अप्रैल तक काली पट्टी बांधकर काम किया था। मप्र कृषि विस्तार अधिकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष मनोहर गिरी का कहना है कि उक्त विरोध के बाद संचालक ने बुलाया और मांगों पर सुनवाई करने का भरोसा दिया था लेकिन मांगे पूरी नहीं हुई। केवल एक संवर्ग के अधिकारियों की वरिष्ठता सूची पदोन्नति के लिए शासन को भेजी गई, उस पर भी अमल नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाए कि कुछ अधिकारी मांगों को अनदेखा कर रहे हैं, जबकि सरकार कर्मचारी हितों पर संवेदनशील है।

### मंत्रालय में हुई एसजीएसआईटीएस, शासी निकाय की 127वीं बैठक

# विद्यार्थियों के शत प्रतिशत प्लेसमेंट के लिए बनाएं व्यापक कार्य योजना

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में इंदौर के प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षा संस्थान, श्री गोविन्दराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एसजीएसआईटीएस), इंदौर की शासी निकाय की 127वीं बैठक हुई। मंत्री परमार ने प्रस्तावित कार्य सूची के विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक चर्चा कर, शासन के नियमों का पालन करते हुए क्रियान्वयन के दिशा निर्देश दिए। बैठक में संस्थान में 2 नवीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भारतीय ज्ञान परम्परा और सेंटर ऑफ हैप्पीनेस आरंभ करने का निर्णय लिया गया।**

संस्थान के छात्र संघ को एक स्वतंत्र पंजीकृत संस्थान के रूप में पंजीयन करने पर भी चर्चा हुई। विद्यार्थियों के हितों से जुड़े विविध विषयों पर सकारात्मक निर्णय लिए गए। मंत्री परमार ने विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के लिए शत-प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति की दृष्टि से कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसरण में विद्यार्थियों के हितों के अनुरूप, समग्र विकास के लिए कार्य करने को कहा। मंत्री परमार ने न्यायालय से जुड़े विभिन्न प्रकरणों का सावधानीपूर्वक निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में सचिव तकनीकी शिक्षा रघुराज राजेन्द्रन, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरु डॉ. राजीव त्रिपाठी, वित्त विभाग द्वारा नामित संयुक्त संचालक नीलम निनामा एवं एसजीएसआईटीएस इंदौर के निदेशक प्रो. नीतेश पुरोहित सहित अन्य उपस्थित रहें।



## उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल की सामान्य परिषद की बैठक में 11.51 करोड़ रूपए स्वीकृत

**भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल की सामान्य परिषद की बैठक हुई। मंत्री परमार ने संस्थान के समग्र विकास एवं उत्तरोत्तर उत्थान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में संस्थान के वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट का अनुमोदन किया गया, 11 करोड़ 51 लाख 86 हजार रुपए स्वीकृत किए गए। इसके साथ ही संस्थान के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न बिंदुवार विषयों पर स्वीकृति प्रदान की गई। संस्थान में आगामी सत्र से तमिल, संस्कृत, मराठी, जर्मन, फ्रेंच तथा जापानी भाषा के प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने का निर्णय लिया गया। आगामी सत्र से एमबीए, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी फॉरेंसिक साइंस तथा एमए भूगोल प्रारंभ किए जाने की अनुमति प्रदान की गई। उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने संस्थान के अशैक्षणिक तथा रखरखाव संबंधित कार्यों के लिए अशैक्षणिक स्टाफ का प्रबंधन करने के निर्देश दिए ताकि उन कार्यों का अतिरिक्त भार शिक्षकों पर नहीं आ सके।

### जब तक अनुमति नहीं तब तक आयोजन भी नहीं


# मैरिज गार्डन में सिलेंडर फटे तो जागा ननि, निरीक्षण व तालाबंदी की कार्रवाई

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

गत दिवस भानपुर स्थित सनराइज मैरिज गार्डन में सात एलपीजी सिलेंडर फटने की घटना के बाद नगर निगम प्रशासन ने अब सख्ती शुरू की दी है। ननि अमले ने ऐसे 19 मैरिज गार्डन सील कर दिए हैं। जिनके पास पर्याप्त अनुमति नहीं हैं। कहा गया है कि ननि की बिल्डिंग परमिशन शाखा ने ये कार्रवाई बिना अनुमति संचालित हो रहे मैरिज गार्डन्स के खिलाफ की है।

इस घटना के बाद जार्ग निगम अफसरों का मानना है कि शहर में ऐसे 100 से ज्यादा मैरिज गार्डन हैं, जिन्होंने जरूरी अनुमतियां नहीं ली हैं। इन सभी को पहले नोटिस दिए जा चुके हैं। चीफ सिटी प्लानर अनूप गोयल ने कहा है कि अब इन गार्डन्स में तब तक कोई शादी या अन्य समारोह की अनुमति नहीं होगी, जब तक वे मैरिज गार्डन संचालन के बायलॉज के आधार पर अनुमति नहीं ले लेते। उधर अवैध रूप से संचालित हो रहे मैरिज गार्डन्स के अलावा सभी ऐसे स्थानों की चैकिंग भी शुरू की गई है। लालघाटी हलालपुर इलाके में संचालित 5 मैरिज गार्डन्स का निरीक्षण इसी कडी में हुआ। निरीक्षण में क्रिसेंट क्लब, रॉयल मैरिज गार्डन, टर्टल आइलैंड और ग्रीन वैली के पास अनुमति के कागजात नहीं मिले। जिन पर तत्काल प्रभाव से तालाबंदी कर सीलिंग की कार्रवाई की गई। ग्रीन सिटी मैरिज गार्डन के पास संचालन की वैध अनुमति पाई गई, इसलिए उसे छोड़ दिया गया। निगम ने बताया कि इससे पहले साल 2024 में भी इन चारों अवैध मैरिज गार्डन संचालकों को विधिवत नोटिस जारी किए गए थे, बावजूद इसके संचालन बंद नहीं किया गया।

### वरिष्ठ पत्रकार अनिल दुबे का निधन



**भोपाल।** वरिष्ठ पत्रकार अनिल दुबे का गत दिवस निधन हो गया, वे करीब पचपन वर्ष के थे, आज सुबह उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें हार्ट अटैक आने के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। अनिल दुबे पीटीआई में कार्यरत थे। इससे पहले भी वह कई प्रमुख समाचार पत्रों में कार्य कर चुके थे। उनके बड़े भाई श्यामाकांत दुबे का भी एक साल पहले हार्ट अटैक से निधन हो गया था। अनिल अपने पीछे पत्नी और एक बेटी को छोड़ गए हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अनिल दुबे के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, कि दुबे के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने हमेशा जनहित के मुद्दों पर पत्रकारिता के मूल्यों को प्राथमिकता दी।



## मदर्स डे पर प्रतियोगिताएं, विजेता माताएं पुरस्कृत हुईं

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

अन्नदराम टी. शाहानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सिंधु माध्यमिक विद्यालय में मातृ दिवस मनाया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों की माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, विजेता माताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में डॉली नागर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, हेमा दामानी ने द्वितीय स्थान और संगीता अहिरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्नदराम टी. शाहानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या ज्योति चौहान और सिंधु माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या धर्मदासानी ने विजेता माताओं का पुरस्कार प्रदान किए।

## सीबीएसई परीक्षा में नवनिध स्कूल की टॉपर हर्षिता-सौम्या

**संतनगर।** शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी द्वारा संचालित नवनिध स्कूल का सीबीएसई 10 वीं व 12वीं की परीक्षा में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 10वीं हर्षिता कृपलानी ने 97.8त्न अंक प्राप्त किए। 12वीं में कॉमर्स संकाय में सौम्या वासवानी ने 97.2त्न अंक हासिल कर टॉप किया।

वाणिज्य संकाय में सुहानी भोजवानी 96.8 फीसदी, प्राची रामनानी 95.8फीसदी, महिमा वलेचा 95त्न, लवली चांदवानी 94.6त्न, प्राची मूरजानी 94.4 फीसदी, कृपा निहलानी 94फीसदी, भावना जाट 94फीसदी, मन्नत फुलवानी 93.4, मनीषा जेसवानी 92.4फीसदी, आँचल तलरेजा 91.8फीसदी, अनुषा अग्रवाल 91.4 फीसदी और हर्षिता आसवानी 90.8फीसदी अंक हासिल किए। विज्ञान संकाय में रिद्धिमा मेहरचंदनी (पीसीएम) 88.6फीसदी एवं रिचा शर्मा 88 (पीसीबी) फीसदी अंक प्राप्त किया। सौम्या वासवानी ने इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में 100 एवं प्राची रामनानी ने एंटरप्रेन्योरशिप में 100 अंक हासिल किए। वहीं, नवनिध स्कूल में 12वीं कक्षा में वाणिज्य संकाय की छात्रा सौम्या वासवानी ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। 83 छात्राओं में से 13 छात्राओं ने 90 फीसदी एवं उससे अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्रबंधन समिति एवं प्राचार्य अमृता मोटवानी ने छात्राओं को बधाई दी है।

### परेशान हो रहे वाहनचालक, जरूरत के मान से कम हैं पंप

# सीएनजी वाहन बढ़ रहे तो ईधन के लिए कतारें भी हो रही लंबी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजधानी में सीएनजी वाहन बढ रहे हैं तो इनमें कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) के लिए वाहनों की लंबी कतार और लंबे इंतजार से लोग उकता रहे हैं। दरअसल शहर में करीब 97 हजार सीएनजी वाहन है। जबकि इनके लिए शहर के अलग-अलग इलाकों में सिर्फ 30 पंप हैं। अभी भी कई इलाके ऐसे हैं, जहां लोगों को सीएनजी भरवाने के लिए आठ दस किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा है फिर यहां लंबा इंतजार एक अलग समस्या है। हालांकि कई इलाकों में तीनों तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के पेट्रोल पंप पर भी सीएनजी उपलब्ध है। बताया जाता है कि भूतल परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के प्रावधान के मुताबिक इन पंपों को ज्योग्राफिकल एरिया (जीए) के मान से अलग-अलग निजी एजेंसियों को पंप आवंटित किए जा रहे हैं। भोपाल जीए में भोपाल और राजगढ़ शामिल हैं। इस जीए में सीएनजी का काम कंपनी थिंक गैस संभाल रही है। हालांकि कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक भोपाल ज्योग्राफिकल एरिया में 41 सीएनजी पंप हैं। अधिकारियों के मुताबिक भोपाल में सीएनजी की खपत रोजाना 70000 किलो है। भोपाल जीए में सीएनजी के दाम 89.75 प्रति किलो हैं। आसपास के कुछ इलाकों के मुकाबले यह 7 रुपए तक कम है। कुछ इलाकों में सीएनजी के दाम 97 रुपए प्रति किलो है।

### सेवासदन का क्राइम ब्रांच कार्यालय में शिविर

# 125 पुलिस कर्मियों के नेत्र -दंत रोगों की जांच

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

सेवासदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा मंगलवार को मध्यप्रदेश पुलिस की क्राइम ब्रांच, भोपाल शाखा में नेत्र एवं दंत रोग जांच शिविर लगाया गया, जिसमें 125 पुलिस कर्मियों के नेत्र, दंत परीक्षण एवं ब्लड शुगर की जांच की गई। इनमें 114 पुरुष, 11 महिला रोगी शामिल थे। स्वास्थ्य परीक्षण में 71 रोगियों को दृष्टि दोष, 03 रोगियों को ऑपरेशन करवाने की सलाह दी गई। जबकि, 8 रोगियों को नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए।

ब्लड प्रेशर एवं डायबिटीज परीक्षण में 23 पुलिसकर्मियों की जांच की गई, जिसमें डायबिटीज के 11 और ब्लड प्रेशर के 12 रोगी पाए गए। जबकि 68 रोगियों को नि:शुल्क ड्रॉप्स प्रदान किए गए। इसी प्रकार 114 व्यक्तियों के दंत रोगों की जांच भी की गई, जिसमें 38



व्यक्तियों को रूट कैनाल, 12 को फिलिंग और 64 को अन्य प्रकार के दंत रोगों की जांच और इलाज करवाने की सलाह दी गई। शिविर का शुभारंभ क्राइम ब्रांच भोपाल के डीसीपी अखिल पटेल, एडीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान, थाना प्रभारी अशोक मरावी, निरीक्षक शिल्पा कौर ने किया। कार्यक्रम में समाजसेवी एम.डी. भगतानी एवं सतीश बत्रा, सेवासदन के ऑप्टोमेट्रिस्ट अजय सिंह ठाकुर, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रोशनी ज्ञानचंदानी सहित अन्य स्टाफ ने सेवाएं दीं।

**मेट्रो एंकर**

### जेठानंद लालचंदानी की स्मृति में शिविर

# स्वास्थ्य शिविर में 425 लोगों ने कराई जाँच

हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

ईदगाह हिल्स स्थित सिंधी कम्युनिटी हॉल में जेठानंद लालचंदानी की पुण्यतिथि पर चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सहयोग से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरूआत जेठानंद लालचंदानी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई।

शिविर में नेत्र रोग, हड्डी रोग, हृदय रोग, त्वचा रोग, दंत रोग और अन्य रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमों ने सेवाएँ प्रदान कीं। डॉक्टरों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर परामर्श दिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जागरूक करना और उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत करना था। इस दौरान 425 लोगों ने स्वास्थ्य परामर्श लिया। शिविर में आने वाले मरीजों को नि:शुल्क दवाएँ भी उपलब्ध



कराई गईं। इसके अतिरिक्त, थायरॉइड, शुगर और ब्लड प्रेशर की जाँच भी की गई।

इस अवसर पर डॉ. गोयनका, डॉ. सुरेश भांबानी, जयकिशन लालचंदानी, दीपक लालचंदानी, संतोष लालचंदानी, मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी, सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, सिंधु सेना के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा, कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी, डॉ. राजानी, जयपाल सचदेव, जगदीश साहिता, अमर दावानी, मनीष दरयानी, नरेश तलरेजा, मनोज गोलानी, दीपक राजानी, रवि आनंद, विकी गुरबानी, अमित खूबचंदानी, विशाल भगवानी, महेश बजाज, सुभाष खत्री, लीला माधवानी और समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### कर्नल सोफिया पर अमर्यादित बयान के मामले ने पकड़ा तूल, भाजपा नेता पहुंचे कुरैशी के घर

# हवाई चप्पल पहने ही दौड़ पड़े शाह, कड़ी फटकार के बाद पार्टी को दी सफाई

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

**मप्र सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह का मामला भाजपा के प्रादेकि मुख्यालय से लेकर हाइकमान तक के लिये परेशानी का सबब बन गया है। यही वजह है कि शाह के प्रदेश मुख्यालय में अध्यक्ष वीडी शर्मा व संगठन महामंत्री के समक्ष कैफियत देना पडी और मीडिया के समक्ष आकर माफी भी मांगना पडी। लेकिन उनकी मुखमुद्रा ने मामले का पटाक्षेप नहीं होने दिया है। माना जाता है कि शाह की कैफियत को हाइकमान तक पहुंचा दिया गया है। बताया जाता है कि कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए बयान पर भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व ने मप्र संगठन से रिपोर्ट मांगी है।**

इसके बाद नाराज पार्टी आलाकमान ने शाह को आनन-फानन में प्रदेश मुख्यालय तलब कर लिया। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने मंत्री शाह को मिलने बुलाया तो वे हवाई चप्पल में ही पार्टी कार्यालय पहुंच गए। यहां संगठन महामंत्री ने उनसे चर्चा की। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक शाह ने अपने बयान को लेकर हितानंद शर्मा से माफी मांगते हुए आगे से ऐसा नहीं करने का आश्वासन दिया है। संगठन महामंत्री से मिलने के बाद मंत्री विजय शाह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से भी मिले। मंत्री शाह ने अपने बयान पर संगठन महामंत्री और प्रदेश अध्यक्ष दोनों को सफाई दी।





## कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विजय शाह ने दिया था अमर्यादित बयान

दरअसल, मंत्री विजय शाह सोमवार को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में आयोजित हलमा कार्यक्रम में पहुंचे थे कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर अमर्यादित बयान दिया था। इसका वीडियो कल सामने आया तो बवाल हो गया। शाह ने कहा था- जिन लोगों ने हमारी बेटियों का सिंदूर उजाड़ा, मोदीजी ने उन्हीं की बहन भेजकर उनकी ऐसी की तैसी करा दी। उधर कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ विवादित बयान देने वाले मंत्री विजय शाह के बंगले पर लगी नेम प्लेट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कालिख पोती दी। कांग्रेस के नेता मनोज शुक्ला समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने बयान के बाद शाम के समय बंगले पर पूरी नेम प्लेट को काले रंग से पोता हालांकि देर रात मंत्री शाह के बंगले पर लगी नेम प्लेट पर कालिख पोतने के मामले में शुक्ला पर श्यामला हिल्स थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### जीतू पटवारी ने की बयान की कड़ी निंदा

उधर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के निर्देश पर मंगलवार देर रात पूर्व विधायक मानवेंद्र सिंह समेत बीजेपी नेता छतरपुर के नौगांव में कर्नल सोफिया कुरैशी के परिजन से मिले। उन्हें बीजेपी की तरफ से सोफिया कुरैशी देश की बेटी संदेश दिया। उधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी इस बयान की कडी आलोचना की और शाह को कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग की, उन्होंने कहा कि विजय शाह का यह बयान केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि भारत की सैन्य गरिमा, राष्ट्रीय एकता और महिला सम्मान पर खुला प्रहार है।

### यूपी, राजस्थान के बाद अब महाराष्ट्र से जुड़ेगा श्रीकृष्ण पाथेय

# अब मप्र-महाराष्ट्र के बीच बनेगा ज्योतिर्लिंग सर्किट



**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

मप्र व महाराष्ट्र के बीच ज्योतिर्लिंग सर्किट भी बनेगा। इसमें मध्यप्रदेश के 2 और महाराष्ट्र के 3 ज्योतिर्लिंगों का नए सिरे से विकास होगा और इनके बीच हवाई, रेल व सड़क यातायात आसान बनाने के काम होंगे। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार हुई कैबिनेट बैठक में मंत्रियों को यह जानकारी दी। इसके पहले दोनों ही राज्यों के बीच इन विषयों पर चर्चा हुई थी। इसके अलावा मप्र में विकसित किए जा रहे श्रीकृष्ण पाथेय का विस्तार अब महाराष्ट्र तक होगा। यहां भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े तीर्थ स्थल है, जिन्हें महाराष्ट्र सरकार विकसित करेगी। पहले यह पाथेय यूपी व राजस्थान से ही कनेक्ट हो रहा था। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट बैठक की चर्चा में मंत्रियों से कहा कि देवी अहिल्या बाई का जन्म महाराष्ट्र में हुआ लेकिन उन्होंने महेश्वर में कुटीर उद्योगों की स्थापना कर, उस समय देश को एक दिशा दी। यहीं से महेश्वर साड़ी निर्माण को गति मिली, जिसने दुनिया भर में मध्यप्रदेश को एक पहचान दिलाई। देवी अहिल्या बाई के प्रदेश में किए काम आज भी टिकाऊपन का अहसास कराते हुए सुशासन की सीख देते हैं। बाजीराव पेशवा, तात्या टोपे, रानी लक्ष्मीबाई, अप्पाजी भोंसले जैसे महानायकों का भी दोनों ही राज्यों से नाता रहा है। ऐसे सभी महानायकों से जुड़ी साझी विरासत को सहेजने के लिए महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीश से उनके मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान चर्चा हुई, जिस पर उन्होंने खुद भी आगे बढ़ने की इच्छा जताई। कहा कि जिस तरह मध्यप्रदेश देवी अहिल्या बाई के सम्मान में इंदौर के राजवाड़ा में 20 मई को कैबिनेट करने जा रही है, ठीक उसी तरह महाराष्ट्र में उनके जन्म स्थल पर महाराष्ट्र सरकार भी कैबिनेट बैठक करेगी। इसके अलावा दोनों राज्य इन महानायकों के गौरवशाली अतीत की घटनाओं के इतिहास लेखन, दस्तावेज संकलन, डिजिटाइलिजेशन, मोढ़ी लिपि के संरक्षण का काम करेंगे।

## प्रावी को मिले 99 फीसद अंक



**भोपाल।** सीबीएसई बोर्ड के कक्षा 10 के रिजल्ट में राजधानी की प्रावी शर्मा ने 99% अंक लाकर डीपीएस नीलबड़ में गर्ल्स में पृथम स्थान एवं स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।प्रावी ने इसका श्रेय स्कूल टीचर्स एवं मम्मी पापा को दिया है। पेरेंट्स डॉ प्रवीण, डॉ अंजली दौनौ डॉक्टर हैं लेकिन प्रावी आइआइटी में जाना चाहती है।

## बीयू पीजी सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू, नकल रोकने सीसीटीवी और चार उड़नदस्ते तैनात

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की पीजी सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारंभ हो गई है। इसमें एमए, एमएससी, एमकॉम, एमए इतिहास, एमएससी होम साइंस और एमए/एमएससी मैथ्स के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं शामिल है। सभी परीक्षाएं सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक की एकल पाली में आयोजित की जा रही हैं। यह परीक्षाएं 23 और 30 मई तक आयोजित की जाएंगी। दोनों सेमेस्टर की परीक्षा में नियमित और स्वाध्यायी के करीब चालीस हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। पूरी परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। सभी परीक्षा केंद्र सीसीटीवी की फुटेज को एक साल तक सुरक्षित रखेंगे। परीक्षा के बाद कोई शिकायत सामने आती है, तो उसका निराकरण सीसीटीवी की फुटैच देखकर किया जा सके। इस दौरान कोई गड़बडी सामने आती है, तो परीक्षा केंद्र को निरस्त किया जाएगा। परीक्षाओं में नकल पर अंकुश लगाने के लिए तीन के स्थान पर चार उडनदस्ते बनाए हैं।

**आठ जिलों में करीब 57 केंद्र तैयार :** परीक्षाओं को नकल से मुक्त कराने के लिए कई इंतजाम किए जा रहे हैं। बीयू ने अपनी सेमेस्टर परीक्षाओं को कराने आठ जिलों में करीब 57 केंद्र बनाए गए हैं। बीयू की परीक्षाओं में करीब चालीस हजार विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इसमें नियमित विद्यार्थी के तौर पर 35 हजार और करीब पांच हजार विद्यार्थी स्वाध्यायी के रूप में भागीदारी करेंगे।

**भोपाल में नौ परीक्षा केंद्र बनाए :** परीक्षा के लिए भोपाल जिले में नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं तीस मई तक और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 मई तक चलेंगी।



## संपादकीय

# सारी दुनिया को संदेश साफ

सारे देश यह तो मानते हैं कि अब समय युद्ध का नहीं है, लेकिन फिर भी किन्ही हालात में इसमें खुद को पाते हैं। इसलिये हाल में भारत और पाकिस्तान के बीच भडका तनाव और हवाई हमलों के बावजूद युद्ध के बिल्कुल करीब पहुंच चुके दोनों देशों में समझौता हो गया,लेकिन तनाव व तल्खियों की खरोचें बरसों तक बनी रहेंगी। भारत ने भी साफ कर दिया है कि उसकी आतंकवाद के खिलाफ जंग जारी रहेगी। हालांकि सीजफायर के ठीक पहले तक भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जो हासिल किया है, वह बहुत अहम हैं। इसमें सबसे पहले यह माना जाना चाहिये कि भारत ने बदला तो उरी और पुलवामा का भी लिया था, लेकिन इस बार स्ट्राइक इतनी ज्यादा तीव्र और घातक रही कि पाकिस्तान समेत दुनिया के कई देश सहम गये। भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर ही नहीं, पाकिस्तान के पंजाब तक में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें 140 आतंकवादी मारे गए। भारत-पाकिस्तान मामले में यह डर हमेशा से रहता है कि दोनों परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र हैं और इनके बीच का टकराव परमाणु युद्ध तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान ने इस नैरेटिव को दुनिया में खूब बेचा और फायदा भी उठाया। लेकिन, पिछले एक दशक में इसमें बदलाव आया है। अब भारत एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने से भी नहीं हिचकता। इस बार सौ किमी अंदर तक घुसकर उसने एक नया ट्रेंड सेट किया। तीसरी बात यह कि भारत ने सिंधु जलसंधि को निलंबित कर रखा है। यह इसलिए अहम है, क्योंकि 1971 और कारगिल वॉर के दौरान भी संधि जारी रही थी। पिछले कुछ साल से भारत इस संधि को रिव्यू करने की बात कह रहा है। पानी के जरिये भारत ने पड़ोसी देश पर बड़ी कूटनीतिक बढ़त हासिल की भी है। एक बात यह भी कि अब तक पाकिस्तान को सबूत सौंपकर रास्ते पर लाने की कोशिश की होती थी ताकि उस पर इंटरनेशनल कम्युनिटी का प्रेशर बनाया जाए। इस बार भी दिल्ली ने प्रेशर तो बनाया, लेकिन खुद भी एक्शन लेकर बता दिया कि उसके पास और भी विकल्प हैं। यह भी कहा कि अब से हर आतंकी हमला एक्ट ऑफ वॉर माना जाएगा, यह पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ी चेतावनी है। पाकिस्तान को इसके बाद अपने यहां के आतंकवादियों को कंट्रोल करना पड़ेगा। अगर वह ऐसा नहीं करता है तो भारत ने संकेत दिया है कि वह आगे भी पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगा। भारत ने मॉडर्न वॉरफेयर की अपनी क्षमता साबित की तथा अपना मजबूत डिफेंस सिस्टम दुनिया को बताया व खुद भी आजमाया है। एक और खास बात यह कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आर्मी और चुनी हुई सरकार का अंतर्विरोध भी सामने आ गया। राजनीतिक नेतृत्व से बात नहीं बनी तो अमेरिका ने समझौते का प्रेशर डालने के लिए पाकिस्तान के आर्मी चीफ से बात की। इन तमाम हालातों के बाद पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन पूरी दुनिया को संदेश की तरह रहा। भारत ने बताया कि अपने ऑपरेशन की सफलता के बावजूद उसने पाकिस्तान की समझौते की गुहार मान ली, क्योंकि यह युग युद्ध का नहीं है, मगर यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। एक बड़े मकसद और व्यापक हित में भारत ने शांति की राह चुनी। मगर जो बात साफ कही है वह यह कि, भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल से नहीं डरेगा। लिहाजा अब कहा जा सकता है कि पहले से ही युद्धों में उलझे विश्व के लिए हिंदुस्तान का कदम आशा की बहुत बड़ी किरण है।

# घुटनों पर आओ या गिर जाओ पाकिस्तान को भारत का अल्टीमेटम

■ आशीष कौल

22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम, जम्मू-कश्मीर में हुए भीषण आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की मौत राज्य नीति के रूप में आतंकवाद पर पाकिस्तान के दुस्साहसिक निर्भरता का एक खूनी अध्याय है।पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के आतंकवादियों द्वारा बैसरन मैदान के शांत परिदृश्य को रक्तरंजित किया गया, जिससे कश्मीर में पुनः स्थापित शांति का भारत का दावा चकनाचूर हो गया। इस कायरतापूर्ण हमले के बाद भारत ने जिस धैर्य, रणनीतिक दृढ़ता और कूटनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया, वह पाकिस्तान की अराजक, अव्यावसायिक प्रतिक्रिया के विपरीत था।10 मई, 2025 को अमेरिका द्वारा मध्यस्थता किया गया अल्पकालिक युद्धविराम अब पाकिस्तान की चिरपरिचित विश्वासघात के कारण धराशायी हो चुका है- इस सत्य को एक बार फिर रेखांकित करते हुए कि पाकिस्तान पर तब तक भरोसा नहीं किया जा सकता जब तक वह स्पष्ट और अकाट्य पराजय स्वीकारोक्ति के साथ सार्वजनिक रूप से घुटनों पर नहीं आता।

भारत ने पहलगाम नरसंहार के जवाब में, बिना देरी किए 7 मई, 2025 को %ऑपरेशन सिंदूर% की ताकतवर शुरुआत की। यह त्रि-सेवा अभियान पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नौ प्रमुख आतंकवादी ठिकानों पर केंद्रित था। बहावलपुर में जेईएम मुख्यालय और मुरीदके में एलईटी के गढ़ जैसे उच्च-मूल्य वाले लक्ष्यों पर किए गए प्रहार सर्जिकल सटीकता के साथ निष्पादित किए गए। भारत ने तनाव को बढ़ाने से बचने के लिए पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों को बख्शते हुए, केवल आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। भारतीय सशस्त्र बलों ने अभियान के विस्तृत वीडियो साक्ष्य जारी किए, वैश्विक पारदर्शिता सुनिश्चित की- 2019 के बालाकोट हमलों से मिले अनुभव का सदुपयोग, जहां अस्पष्टता ने पाकिस्तान को झूठे दावे करने की अनुमति दी थी।भारत का कूटनीतिक आक्रमण भी उतना ही निर्णायक था। सिंधु जल संधि का तत्काल निलंबन, अटारी-वाघा सीमा का पूर्ण बंद, पाकिस्तानी सैन्य अताशे का निष्कासन, और पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी वीजा रद्द करने के कदम से स्पष्ट संदेश गया आतंकवाद का समर्थन अब पाकिस्तान के लिए अतिशय महंगा साबित होगा विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने दृढ़ता से भारत का रुख स्पष्ट किया, यह घोषित करते हुए कि आईडब्ल्यूटी तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन का पूर्ण परित्याग नहीं करता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश यात्रा से तत्काल स्वदेश लौटकर, अपराधियों को ÷धरती के अंतिम कोने तक खोजकर÷ न्याय के कटघरे में लाने का अटल संकल्प व्यक्त किया, जिसे विपक्षी नेताओं सहित राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे का भी समर्थन प्राप्त हुआ। भारत की प्रतिक्रिया संयम और गरिमा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करती है। पाकिस्तान द्वारा नियंत्रण रेखा पर किए जा रहे लगातार अस्थिर युद्धविराम उल्लंघनों के विपरीत, जो नौ रातों तक बिना रुके जारी रहे और संक्षिप्त युद्धविराम के बाद भी बेरोकटोक चलते रहे, भारत की कार्रवाई नियंत्रित और लक्षित थी। भारत ने नागरिक हताहतों से बचते हुए केवल आतंकी अवसंरचना को नष्ट किया, जिससे विश्व समुदाय ने सकारात्मक रूप से प्रतिक्रिया दी। अमेरिका, ब्रिटेन, कतर सहित अनेक देशों ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए पाकिस्तान से जांच में पूर्ण सहयोग करने का आग्रह किया। यहां तक कि पाकिस्तान का ÷हर मौसम का दोस्त÷ चीन भी सावधानीपूर्ण मुद्रा में आ गया, विदेश मंत्री वांग यी ने असीमित समर्थन की बजाय दोनों पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया- भारत की बढ़ती भू-राजनीतिक शक्ति की अप्रत्यक्ष स्वीकृति और पाकिस्तान की दुस्साहसिक रणनीति पर अंतर्निहित फटकार। भारत के कठोर कदमों के सामने पाकिस्तान की प्रतिक्रिया ने उसकी आंतरिक कमजोरी और रणनीतिक अव्यवस्था को पूरी तरह उजागर कर दिया। आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद असीम मलिक को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाने का निर्णय नागरिक नेतृत्व को दरकिनार करते हुए सैन्य प्रभुत्व की कहानी कहता है। प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ की सरकार, जो पहले से ही गंभीर आर्थिक संकटों से घिरी और 7 बिलियन के आईएमएफ सहायता पैकेज पर निर्भर थी, अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए संघर्षरत दिखी। पहलगाम हमले में भागीदारी से इनकार करते हुए खोखली धमकियां देने का सहारा लिया गया। पाकिस्तान की विदेश नीति अस्त-व्यस्त हो गई। भले ही इसने दुनिया भर की राजधानियों में अपने राजनयिकों को भेजा, लेकिन उन्हें सिर्फ संदेह और अविश्वास का सामना करना पड़ा। भारत के हमले अफगान क्षेत्र से किए गए थे, इस झूठे दावे को अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय ने तुरंत खारिज कर दिया। पाकिस्तानी सेना के हड़बड़ाए कदमों- आतंकवादियों को सेना के बंकरों में छिपाना, पीओके में आतंकी लॉन्च पैड खाली करना, और नियंत्रण रेखा पर अंधाधुंध गोलीबारी बढ़ाना- से स्पष्ट हो गया कि भारत के दृढ़ संकल्प के सामने पाकिस्तान पूरी तरह से अपरिपक्व और तैयारी हीन था। अर्थव्यवस्था, जो चीनी आयात पर पूरी तरह निर्भर है, अंतरराष्ट्रीय उपहास का शिकार बनी क्योंकि ÷मेड इन चाइना÷ लेबल निम्न गुणवत्ता का पर्याय बन गया, परोक्ष रूप से बीजिंग के सम्मान को भी ठेस पहुंचाई। सिंधु जल प्रवाह में किसी भी व्यवधान को ÷युद्ध कृत्य÷ घोषित करने की पाकिस्तान की धमकियां भारत के सुविचारित रणनीतिक कदमों के सामने बेअसर साबित हुईं। युद्धविराम का बाद में उल्लंघन तो मात्र इसकी अविश्वसनीयता की पुष्टि का एक और प्रमाण बन गया। 10 मई, 2025 को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप से एक अस्थाई युद्धविराम अस्तित्व में आया, जिसने तीन दिनों के गहन सैन्य टकराव को अल्पकालिक विराम दिया। ट्रंप द्वारा ट्रुथ सोशल पर घोषित और भारत के विदेश मंत्रालय तथा पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक दार द्वारा पुष्ट, इस युद्धविराम का उद्देश्य उभरते तनाव को शांत करना था। हालांकि, पाकिस्तान ने शीघ्र ही इस समझौते का उल्लंघन कर दिया- नियंत्रण रेखा पर शत्रुता को पुनः आरंभ किया और आतंकी गतिविधियों को जारी रखा- जिससे उसकी



विश्वसनीयता का आखिरी अवशेष भी समाप्त हो गया। यह टूटा युद्धविराम कोई आश्चर्य नहीं बल्कि पाकिस्तान के कुख्यात दुर्व्यवहार का निरंतर इतिहास है, जो 2003 से अब तक के युद्धविराम उल्लंघनों और वचनभंग की श्रृंखला में दृष्टिगोचर होता है। युद्धविराम वार्ता के दौरान भारत की शर्तें अकाट्य थीं- आतंकी सरगना दाऊद इब्राहिम और मसूद अजहर का अविलंब प्रत्यर्पण, मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और आईएसआई प्रमुख का अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में मुकदमा, बलूचिस्तान को स्वायत्तता, सभी आतंकी समर्थन की तत्काल समाप्ति (विशेषकर कश्मीर में), पीओके और मीरपुर से पाकिस्तान की पूर्ण वापसी, और भारत के हितों को सर्वोपरि रखते हुए सिंधु जल संधि का पुनर्गठन।

इन शर्तों को मानने में पाकिस्तान की विफलता, और उसके द्वारा युद्धविराम के निर्लज्ज उल्लंघन ने एक अनिवार्य तथ्य को प्रमाणित किया है- पाकिस्तान पर तब तक विश्वास नहीं किया जा सकता जब तक वह घुटनों पर आकर सार्वजनिक रूप से समर्पण नहीं करता,अपनी पराजय की स्पष्ट और सत्यापन योग्य स्वीकृति और आतंकवाद के समर्थन की जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करता। ऐसे आत्मसमर्पण के अभाव में, युद्धविराम का भंग होना पाकिस्तान के पुनः संगठित होने और अपने आतंकवादी एजेंडे को जारी रखने के इरादे का प्रत्यक्ष प्रमाण है, जो शांति के सिद्धांत का उपहास करता है। इस संकट के दौरान भारत ने अभूतपूर्व परिपक्वता का परिचय दिया। सैन्य बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अचूक सटीकता से क्रियान्वित किया, नेतृत्व ने गरिमापूर्ण आचरण का प्रदर्शन किया, और राजनयिकों ने वैश्विक समर्थन हासिल किया। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने पाकिस्तान की विदेश नीति को ÷हास्यास्पद÷, उसकी सेना को अव्यावसायिक, और अर्थव्यवस्था को पतनोन्मुख माना। ताजिकिस्तान में भारत का रणनीतिक वायुसैनिक अड्डा और पाकिस्तान की वायु सुरक्षा प्रणाली को निष्प्रभावी करने की क्षमता ने भारत की सैन्य श्रेष्ठता को प्रदर्शित किया। फिर भी, युद्धविराम का भंग होना इस संघर्ष की अनिर्णीत प्रकृति को रेखांकित करता है। नौ आतंकी शिविरों का विनाश और सिंधु जल संधि का निलंबन महत्वपूर्ण कदम हैं, लेकिन पाकिस्तान का आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र अभी भी अबाधित है, जो बिना किसी गंभीर परिणाम के समझौतों का उल्लंघन करने की अपनी क्षमता से और भी साहसिक हुआ है। प्रमुख आतंकियों के प्रत्यर्पण या बलूचिस्तान की स्वायत्तता पर प्रतिबद्धता सुरक्षित करने में विफलता भारत को भविष्य के हमलों के प्रति अतिसंवेदनशील बनाती है। कश्मीर, विशेष रूप से पीओके, एक ज्वलंत मुद्दा बना हुआ है, और मीरपुर से पाकिस्तान की अनिच्छा इस विवाद को बढ़ाती है- यह सब पाकिस्तान के अविश्वसनीय आचरण से और भी जटिल हो जाता है, जब तक कि उसे घुटने टेकने के लिए बाध्य न किया जाए। एक कश्मीरी पंडित के रूप में, मैंने हमेशा शांति और संवाद का समर्थन किया है। लेकिन पहलगाम हमला, पाकिस्तान का अडिग रुख और टूटा युद्धविराम एक ठोस एवं निर्णायक कार्रवाई की मांग करते हैं। भारत की शक्ति और श्रेष्ठता निर्विवाद है, लेकिन इसका उपयोग पाकिस्तान से सार्वजनिक आत्मसमर्पण प्राप्त करने के लिए किया जाना चाहिए। अरबों डॉलर और अनगिनत जीवन तब तक जोखिम में हैं जब तक पाकिस्तान की आतंकवादी भावना को अंतिम रूप से कुचल नहीं दिया जाता। पाकिस्तान को ÷आवश्यक बुराई÷ के रूप में सामान्य बनाना अस्वीकार्य है- यह हिंसा के एक दुष्चक्र को बढ़ावा देता है जो भारत की शांति और समृद्धि को कमजोर करता है। इस युद्ध को भारत को जीतना ही होगा- एक ऐसा संघर्ष जो केवल सैन्य नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक, राजनयिक और आर्थिक है। स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए, भारत को ऐसी रणनीति अपनानी होगी जो पाकिस्तान को या तो आतंकवाद को स्थायी रूप से त्यागने के लिए बाध्य करे या अस्तित्वगत परिणामों का सामना करने पर मजबूर करे- जिसका परिणाम एक ऐसा सार्वजनिक समर्पण हो जो अस्पष्टता के लिए कोई स्थान न छोड़े। इसमें पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने हेतु निरंतर राजनयिक दबाव, आईएमएफ और अन्य वैश्विक संस्थाओं का उपयोग करके आर्थिक प्रतिबंधों को कठोर बनाना, और भविष्य की चुनौतियों को रोकने के लिए सैन्य तत्परता बनाए रखना शामिल है। भारत को बलूच और पश्तून स्वायत्तता आंदोलनों को मुखर बनाना चाहिए, पाकिस्तान की आंतरिक कमजोरियों को उजागर करते हुए, और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पुनर्गठित सिंधु जल संधि भारत की जल सुरक्षा को एक अनिवार्य शर्त के रूप में प्राथमिकता दे। समानांतर रूप से, भारत को कश्मीर पर अपनी पकड़ मजबूत करनी चाहिए, पाकिस्तानी प्रचार का मुकाबला करने के लिए सशक्त सुरक्षा और आर्थिक विकास सुनिश्चित करना चाहिए। दाऊद और मसूद के प्रत्यर्पण के साथ-साथ पाकिस्तानी सैन्य नेतृत्व की जवाबदेही भारत की मांगों का अनिवार्य आधार होना चाहिए, जिसे पराजय की स्पष्ट स्वीकारोक्ति की अनिवार्यता से समर्थित किया जाए। जब तक पाकिस्तान को सार्वजनिक रूप से घुटनों पर आने के लिए मजबूर नहीं किया जाता- आतंकवाद में अपनी भूमिका स्वीकार करते हुए और इसके निर्विवाद त्याग की घोषणा करते हुए- तब तक इस पर विश्वास नहीं किया जा सकता, और भारत को प्रत्येक युद्धविराम को एक संभावित जाल के रूप में देखना चाहिए। विश्व ने भारत की क्षमता देखी है, परंतु वास्तविक विजय का मापदंड पाकिस्तान की आतंकवादी चुनौती का एक बार और सदा के लिए समाधान करने में निहित है। एक कश्मीरी पंडित के रूप में, मेरी आकांक्षा एक शांतिपूर्ण, मैत्रीपूर्ण पाकिस्तान के लिए है—जो आतंकवाद का परित्याग करे और सह-अस्तित्व को आत्मसात करे। ऐसा केवल तभी संभव है जब भारत इस युद्ध का सामना पूरी दृढ़ता से करे, रुक-रुक कर किए जाने वाले हमलों के बजाय एक ऐसी रणनीति के साथ जो पाकिस्तान को या तो घुटनों पर आने या गिरने के लिए विवश करे। पहलगाम हमला एक दुखद त्रासदी थी, किंतु यह एक नए युग का आरंभ बिंदु भी होना चाहिए- पाकिस्तानी आतंकवादी मशीनरी की अंतिम पराजय का आधार, जिसे स्वयं पाकिस्तान की स्वीकारोक्ति द्वारा अंतिम मुहर लगनी चाहिए। यह वह युद्ध है जिसे भारत को जीतना ही होगा- न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, समृद्ध और प्रगतिशील भविष्य सुनिश्चित करने के लिए।

**(साभार-यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# एआई तकनीक से बदलते पढ़ने-पढ़ाने के तौर-तरीके

■ डॉ. मनु मिड्ढा

इक्कीसवीं सदी की अब तक की सबसे बड़ी तकनीकी उपलब्धियों में से एक है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई। एक ऐसी तकनीक जो मशीनों को सोचने, समझने और निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। एआई हमारे जीवन के हर पहलू को छू रही है। जो अब केवल रोबोटिक्स या औद्योगिक क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी इसका उपयोग हो रहा है।एआई ने न केवल पढ़ाने के तरीके को बदला है, बल्कि सीखने, मूल्यांकन और विद्यार्थियों की व्यक्तिगत जरूरतें समझने के नजरिए को भी क्रांतिकारी बना दिया। दरअसल हर विद्यार्थी की सीखने की क्षमता, गति और रुचि अलग-अलग होती है। पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में सभी छात्रों को एक समान तरीके से पढ़ाया जाता था, जिससे कई छात्र पीछे रह जाते थे। जबकि एआई आधारित लर्निंग टूल्स जैसे एडैप्टिव लर्निंग सिस्टम्स अब छात्र की सीखने की गति, रुचि, और कमजोरियों को ध्यान में रख उन्हें अनुकूल सामग्री प्रदान करते हैं।

मसलन, बायजूस, खान अकेडमी और कोर्सेरा जैसे प्लेटफॉर्म एआई की मदद से छात्रों को उनके स्तर के अनुसार टॉपिक्स सुझाते हैं और बेहतर समझाने के लिए पर्सनलाइज्ड कंटेंट प्रदान करते हैं। इससे छात्रों को अपनी गति से सीखने का मौका मिलता है, जिससे उनकी समझ और आत्मविश्वास बढ़ते हैं। एआई आधारित स्मार्ट ट्यूटर और चैटबॉट्स छात्रों को 24म7 सहायता प्रदान करते हैं। अब छात्रों को हर छोटी-छोटी शंका के लिए शिक्षक का इंतजार नहीं करना पड़ता। ये वर्चुअल असिस्टेंट तुरंत सवालों के जवाब देते हैं, चाहे वह गणित का जटिल फॉर्मूला हो या इतिहास की महत्वपूर्ण तारीख। वहीं डुओलिंगो जैसे प्लेटफॉर्म एआई का प्रयोग कर भाषा सीखने की प्रगति ट्रैक करते हैं



व उसी मुताबिक नए पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं, जिससे सीखने की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बनती है।

ध्यान रहे, एआई का मतलब यह नहीं कि शिक्षकों की जरूरत खत्म हो गई है। बल्कि, एआई ने शिक्षकों को और अधिक प्रभावी और डेटा-सक्षम बना दिया है। मसलन, अब शिक्षक यह समझ सकते हैं कि कौन-सा छात्र कहां पिछड़ रहा है और उसी के अनुसार व्यक्तिगत मार्गदर्शन दे सकते हैं। वहीं एआई तकनीक की मदद से शिक्षक अपने समय का अधिकतम उपयोग पढ़ाने के अलावा मार्गदर्शन, प्रेरणा और रचनात्मक गतिविधियों के लिए कर पा रहे हैं। एआई शिक्षकों का सहायक बन शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ा रही है। यह भी कि एआई आधारित ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली अब उत्तरों का त्वरित और सटीक मूल्यांकन कर रही है। कई शिक्षण संस्थान एआई की मदद से क्विज़ का मूल्यांकन कर छात्रों को तुरंत परिणाम जारी कर सुधार के सुझाव देते हैं। इससे छात्रों को अपनी कमजोरियों का तुरंत पता चलता है जिनमें वे समय रहते सुधार कर सकते हैं। साथ ही, यह शिक्षकों का कीमती समय बचाती है, जिसे वे अन्य रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों में लगा सकते हैं।एआई ने शिक्षा को दुनिया के प्रत्येक कोने तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। विशेष रूप से उन छात्रों के लिए जो स्कूल नहीं जा सकते, एआई आधारित वर्चुअल क्लासरूम और टूल्स ने उनके लिए नई राहें खोली हैं। स्पीच-टू-टेक्स्ट और टेक्स्ट-टू-स्पीच जैसी तकनीकों ने दृष्टिहीन और श्रवण बाधित छात्रों को भी शिक्षा प्राप्ति का अवसर दिया है। इससे शिक्षा समावेशी बन रही है।

एआई केवल पढ़ाई में सहायक नहीं है, बल्कि खुद एक महत्वपूर्ण कैरियर स्किल बन चुका है। आज स्कूलों और कॉलेजों में एआई, मशीन लर्निंग, और डेटा साइंस जैसे विषय पढ़ाए जा रहे हैं ताकि विद्यार्थी भविष्य की तकनीकी नौकरियों के लिए तैयार हो सकें। 'एआई फॉर यूथ' प्रोग्राम इस दिशा में एक बड़ा कदम है, जो युवाओं की एआई के कौशल विकास में मदद करता है। एआई केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं है, बल्कि यह शिक्षा में एक नई सोच का प्रतीक है। शिक्षा अब केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि समझ, अनुभव और नवाचार का केंद्र बन गई है। छात्र अब जिज्ञासु हैं, सवाल पूछते हैं और खुद से सीखने की कोशिश करते हैं। एआई इस प्रक्रिया को निरंतर समर्थन प्रदान करता है, जिससे शिक्षा अधिक इंटरैक्टिव, रोचक और प्रभावी बनती है। दरअसल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने शिक्षा को स्मार्ट, व्यक्तिगत और इंटरेक्टिव बना दिया है। आज शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि तकनीक के सहारे हर बच्चा, हर उम्र का व्यक्ति अपने समय व तरीके के हिसाब से सीख सकता है। हालांकि, एआई का उपयोग सोच-समझकर और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए। यह भी कि मानवीय शिक्षकों की भूमिका कभी खत्म नहीं होगी, बल्कि एआई उन्हें और बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। तो भविष्य की शिक्षा की शुरुआत हो चुकी है ज्और उसका नाम है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। जो कोई नागरिक इस बदलाव का हिस्सा बनना चाहते हैं, वे एआई आधारित शिक्षा के अवसरों को अपनाएं और सीखने की इस नई क्रांति का आनंद लें!

**(साभार)**

जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास, सकारात्मक सोच, और दृढ़ संकल्प आवश्यक हैं

## निशाना

### टिप्पणी का काल !



चल रहा है आजकल ।
टिप्पणी का काल ।।
बोलना है कुछ भी ।
अब हमको हर हाल ।।
ना भाती खामोशी ।
करे भावना शोर ।।
हैं बैठे हम पद पर ।
करे कोई गौर ।।
शब्दों और विचारों की ।
है आई बहार ।।
करें प्राप्त कहीं भी ।
यही समाचार ।।
होकर शामिल मुहिम में ।
करें जरा उपकार ।।
टिप्णी हमारी ये ।
क्यों जानी बेकार ?

- कृष्णेन्द्र राय

## आज का इतिहास

- 1540 तुर्की ने जानोस सिगीसमंद जपोलयाइ को हंगरी के राजा के रूप में मान्यता दी।
- 1726 बेंजामिन फ्रैंकलिन फिलाडेल्फिया के लिए वापस रवाना हुए।
- 1764 जेम्स ओटिस ने बिना प्रतिनिधित्व के कराधान पर अपने विचार प्रकाशित किये।
- 1829 विलियम ऑस्टिन बर्ट को टाइपोग्राफर, पहले व्यावहारिक टाइपराइटिंग मशीन के लिए पेटेंट से सम्मानित किया गया था।
- 1829 अमेरिका के विलियम ऑस्टिन बर्ट ने टाइपोग्राफ का पेटेंट कराया था, जिसने टाइपराइटर की नींव रखी।
- 1840 कनाडा के प्रांत संघ के अधिनियम द्वारा बनाए गए।
- 1863 उत्तरी लंदन में एलेक्जेंड्रा पार्क खोला
- 1881 इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जिमनास्टिक्स, दुनिया का सबसे पुराना खेल संघ, लीज, बेल्जियम में स्थापित किया था।
- 1903 फोर्ड मोटर कंपनी ने अपनी पहली कार बेची।
- 1905 अल्फ्रेड डीकीन दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बने।
- 1914 आस्ट्रिया-हंगरी ने सर्बिया को आर्चड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या की जांच करने के लिए एक अल्टीमेटम के साथ प्रस्तुत किया, कि सिर्बिया अंततः अस्वीकार कर देगा, जिससे प्रथम विश्व युद्ध शुरू हो जाएगा।
- 1927 इंग्लैंड और यॉर्कशायर के विल्फ्रेड रोड्स 1,000 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैचों में एकमात्र व्यक्ति बन गए।
- 1942 होलोकास्ट-द गैस चैंबर्स ट्रेब्लिंका एक्सट्रिमिनेशन कैंपबेगन ऑपरेशन में, युद्ध से निकाले गए 6,500 यहूदियों को घेट्टो में एक दिन पहले देखा गया था।
- 1952 यूरोपीय कोयला और इस्पात समुदाय की स्थापना की गयी।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

# 63 समस्याओं का मौके पर ही किया निराकरण



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

शिकायत समाधान के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा अनुविभाग स्तर के अधिकारियों को जोड़ कर समस्या के संबंध में अवगत किया जा रहा। जिससे उक्त प्रक्रिया शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए माध्यम भी बनी है। जनसुनवाई के दौरान सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई की लंबित शिकायतों की समीक्षा के उपरांत अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अंदर 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करे। अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जनसुनवाई के दौरान वीसी एवं जनसुनवाई कक्ष में उपस्थित जिला अधिकारियों द्वारा विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया।

इसी प्रकार उन्होंने ऐसे अधिकारियों को नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए जिनके विभाग से संबंधित जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायते 500 दिवस से अधिक समय से लंबित हैं। कलेक्टर ने परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, सीएमएचओ नर्मदापुरम को लंबित शिकायतों की अधिक संख्या में कमी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत ग्रेडिंग एवं रैंकिंग में सुधार किए जाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त विद्युत बिल, अवैध अतिक्रमण, फसल भुगतान, सीमांकन, समयमान स्वत्वों का भुगतान आदि के प्रकरण प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर द्वारा पंकज बरगले के सेवानिवृत्ति उपरांत प्राप्त होने वाले स्वत्वो के आवेदन के संबंध में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि शीघ्र ही प्रकरण के समाधान किया जाना सुनिश्चित करें। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम द्वारा अवगत कराया गया कि शासन स्तर पर प्रस्ताव प्रेषित किया जा चुका है शीघ्र ही प्राप्त हो जायेगी।

## लोक सेवा गारंटी में नर्मदापुरम की रैंक कमजोर, कमिश्नर ने सुधार के दिए निर्देश

# जल गंगा संवर्धन अभियान में तीनों जिले की वर्किंग पर असंतोष जताया

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संभाग के तीनों जिलों की रैंकिंग पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के अंतर्गत संचालित सभी विभागीय कार्यों में प्रगति लाने पर जोर देते हुए कहा कि समस्त कलेक्टर्स इसकी सतत निगरानी करें तथा अभियान के लिए नामित नोडल अधिकारी सभी विभागों से समन्वय कर अभियान के कार्यों को पूर्ण कराएं। कमिश्?नर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्?यम से संभाग के तीनों जिलों के अंतर्गत विभागीय योजनाओं एवं अभियानों की प्रगति की समीक्षा की व निर्देश दिए कि ÷खेत तालाब÷ के अतिरिक्त अन्य घटकों में भी अपेक्षित उन्नति सुनिश्चित की जाए। जिन विभागों के पास अभियान से संबंधित कार्य करने की संभावना अधिक है, वे अपने कार्यों में गति लाएं। वहीं, जिन विभागों की संभावनाएं कम हैं, वे अपने मूल विभाग से समन्वय कर लक्ष्य प्राप्त करें और नई गतिविधियों की संभावनाएं भी तलाशें। उन्होंने विशेष रूप से संभाग के तीनों जिलों के कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि



समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को फील्ड में सक्रियता रखे जाने के लिए निर्देश जारी किए जाए। कमिश्नर ने यह भी स्पष्ट किया कि जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता के लिए विभागीय समन्वय और जमीनी स्तर पर सक्रियता अत्यंत आवश्यक है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कमिश्नर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि भू अर्जन एवं नजूल लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया में कोई भी लंबित प्रकरण नहीं रहना चाहिए। कोई भी राजस्व अधिकारी किसी भी प्रकरण को ऑफलाइन स्वीकार न करे यह सुनिश्चित किया जाए। समस्त प्रकरण ऋष्ट्रस्न् पोर्टल के माध्यम से ही दर्ज किए जाएं तथा पोर्टल पर उपलब्ध सुविधाओं का पूर्ण रूप से उपयोग किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी प्रकरण रीडर आईडी पर ऑनलाइन लंबित न रहे। कमिश्नर श्री तिवारी ने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण में निर्धारित समय-सीमा के भीतर आदेश पारित कर उसका अनुपालन ऋष्ट्रस्न् पोर्टल पर दर्ज किया जाए। उन्होंने समस्त कलेक्टर्स को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया कि पूर्व में अनुविभाग स्तर पर ऑफलाइन प्राप्त किए गए प्रकरणों को भी संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों से ऋष्ट्रस्न् पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कराया जाए।

कमिश्नर ने नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना को निर्देशित किया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत जिले की रैंक में सुधार करवाया जाना सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कमिश्नर श्री तिवारी ने हरदा कलेक्टर को निर्देशित किया कि जिले में नल-जल योजना के अंतर्गत फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन (स्न्॥ञ्ञष्ट) की संख्या में वृद्धि की जाए। वहीं, नर्मदापुरम और बैतूल जिलों के कलेक्टर्स को शेष बचे हुए एफएचटीसी कनेक्शन कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री तिवारी ने पेयजल संकट की स्थिति पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने तीनों जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में पेयजल संकट की संभावना है, वहां नियमित मॉनिटरिंग की जाए और आवश्यकता अनुसार इन क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण भी किया जाए।

कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि पीडीएस ई केवाईसी अंतर्गत हरदा एवं नर्मदापुरम जिले अपेक्षित प्रगति प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर्स सुनिश्चित करें कि जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों के ई केवाईसी प्रक्रिया में प्रगति लाई जाए। इस दौरान उन्होंने पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा के तहत सुविधा का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का रिकार्ड संधारित किए जाने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने कहा कि कलेक्टर्स यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे।

### कलेक्टर ने तहसीलदारों पर लगाया अर्थदंड

मध्य प्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत सेवाएं निर्धारित समय सीमा में प्रदान न करने पर संबंधित अधिकारियों पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।



कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा अधिनियम की धारा 7(1) की कंडिका (क) एवं (ख) के तहत यह कार्यवाही की गई है। पदाभिहित अधिकारी दीव्याशु नामदेव पर नायब तहसीलदार, नर्मदापुरम ग्रामीण को 07 प्रकरणों के लिये रुपये. 4500/- (चार हजार पाँच सौ रू.), अपर तहसीलदार नर्मदापुरम, ग्रामीण को 01 प्रकरण के लिये रुपये. 1000/-, तहसीलदार नर्मदापुरम ग्रामीण को 01 के लिये रुपये. 500/- अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की गई है। संबंधित अधिकारी समय सीमा के अंतर्गत निर्धारित मद में उक्त राशि जमा करवाना सुनिश्चित करेंगे। मध्य प्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के तहत अधिसूचित सेवाओं के आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण किया जाना आवश्यक है। उक्ताशय में समय सीमा के भीतर सेवा प्रदान न किए जाने पर अधिनियम की धारा 5(2) के तहत संबंधित अधिकारी पर यह कार्यवाही की गई है। अधिनियम के तहत सेवा प्रदाय में देरी किये जाने पर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया।. कलेक्टर द्वारा सेवा से संबंधित अविवादित नामांतरण के 02 प्रकरण में भूमि सीमांकन कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण न किए जाने पर नायब तहसीलदार माखननगर स्वीटी चौहान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# एसडीईआरएफ ने 50 सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को सिखाए सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के गुर

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

देश की बदलती आंतरिक एवं बाह्य परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए तथा कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आज नर्मदापुरम स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण सत्र में स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स (एस.डी.ई.आर.एफ.) की टीम द्वारा आपदा प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, हवाई हमले के बाद राहत एवं बचाव कार्यों समेत विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु आवश्यक तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

जिला सेनानी राजेश जैन एवं सेवानिवृत्त जिला सेनानी एम.के. हनोतिया ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को आपदा एवं संकट की घड़ी में तत्पर, जागरूक एवं सक्षम बनाना है, ताकि वे समाज की सेवा में प्रभावी भूमिका निभा सकें।

इस अवसर पर उपस्थित वॉलंटियर्स ने प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लिया और नागरिक सुरक्षा की दिशा में अपनी



भूमिका को बेहतर ढंग से समझा।

100 ग्राम कोटवारों को एस.डी.ई.आर.एफ. टीम नर्मदापुरम द्वारा नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया

देश की बदलती आंतरिक एवं बाह्य परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार नर्मदापुरम स्थित एन.एम.वी. कॉलेज परिसर में 100 ग्राम कोटवारों के लिए नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र का संचालन स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स (एस.डी.ई.आर.एफ.) की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया, जिसमें आपदा प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, एवं हवाई हमलों जैसी आपात स्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों से संबंधित व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती नीता कोरी, जिला सेनानी राजेश जैन एवं सेवानिवृत्त जिला सेनानी श्री एम.के. हनोतिया द्वारा उपस्थित ग्राम कोटवारों को संबोधित करते हुए बताया गया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम स्तरीय आपात प्रबंधन को सशक्त बनाना है, जिससे कोटवारगण अपने-अपने क्षेत्रों में आपदा की स्थिति में सक्रिय, जागरूक एवं प्रभावशाली भूमिका निभा सकें। साथ ही, उन्हें सिविल डिफेंस वालंटियर के रूप में नामांकित किए जाने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई।

# केन्द्रीय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

आज पीएम श्री स्कूल के रिजल्ट घोषित किए गए जिसमें सिवनी मालवा केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्कूल का उत्कृष्ट रिजल्ट लाकर नगर का गौरव बढ़ाया है कक्षा 10 वीं और 12 वीं में सौ प्रतिशत सफलता हासिल की है।

**कक्षा 10वीं के परिणाम**

कुल छात्र : 59 प्रतिशत
उत्तीर्ण छात्र: 59
पास प्रतिशतः 100 प्रतिशत

**कक्षा 10वीं के टॉपर:**

1. तनिष मुहाने मेहरा - 93.8%
2. विराज मेहरा - 93.6%
3. स्नेहा लोवंशी - 92.4%

**कक्षा 12वीं के परिणाम**

कुल छात्र: 56
उत्तीर्ण छात्र: 56
पास प्रतिशतः 100 प्रतिशत

**कक्षा 12वीं के टॉपर:**

**विज्ञान संकाय**

1. शुभ राठौर - 92.2%
2. माही राजवैद्य - 91.6%
3. चिराग लोवंशी - 89.2%


**वाणिज्य संकाय**

1. नमन चौहान - 90.4%
2. नेतल चतर - 85.6%
3. निहारिका ठाकुर और श्रेया रघुवंशी - 85.4%

इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानाचार्य मोहन लाल राठौर और समस्त स्टाफ के समर्पित प्रयासों को जाता है। यह परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो विद्यालय की निरंतर प्रगति और छात्रों की मेहनत का परिणाम माना जा रहा है।

### खेलकूद में गोल्ड मेडल प्राप्त छात्र कबीर खान ने हाई स्कूल परीक्षा में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

**नर्मदापुरम.** आयुध नगर केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में कक्षा दसवीं के छात्र मोहम्मद कबीर खान माता अफरोज जहां पिता बशारत खान ने 86त्न प्रतिशत



अंक लाकर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की. इंग्लिश में 90 सोशल साइंस में 95 साइंस में 77 हिंदी में 75 गणित में 59 अंक प्राप्त किया. उल्लेखनीय है कबीर ने हाल ही में 100 मीटर 200 मी दौड़ में गोल्ड मेडल एवं लंबी कूद में सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया यह उपलब्धि पर प्राचार्य एवं विद्यालय परिवार परिजन शुभचिंतक ईस्ट मित्रों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की.

### ब्राह्मण समाज सभी को दिशा देने वाली समाज है : सांसद दर्शन सिंह



**सिवनी मालवा ।** स्थानीय गोवर्धन धर्मशाला मे सर्व ब्राह्मण समाज महिला संगठन की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर कार्यक्रमों मे भाग लेने वाले बच्चों सहित महिलाओं को पुरुस्कार वितरण किये गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नर्मदापुरम लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक प्रेमशंकर वर्मा तथा सर्व ब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र ओझा ने भगवान परशुराम की पूजन अर्चन कर किया। वही पूजन अर्चना के पश्चात सर्व ब्राह्मण समाज महिला संगठन की ओर से आये सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। जिसके बाद परशुराम जयंती के कार्यक्रम मे भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक प्रेमशंकर वर्मा तथा जिलाध्यक्ष द्वारा प्रमाण पत्र तथा शील्ड देकर सम्मानित किया। वही बोर्ड परीक्षाओं मे 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के बाद सर्व ब्राह्मण समाज महिला संगठन अध्यक्ष ज्योति व्यास ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी को एक मांगपत्र सौंपा जिसमे बानापुरा स्टेशन पर ट्रेनों के स्टापेज की मांग की गई। जिस पर सांसद ने आश्वासन दिया की जल्द की बानापुरा स्टेशन पर ट्रेनों का स्टापेज बढ़ाया जायेगा। वही अपने उद्बोधन मे सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा की ब्राह्मण समाज सभी समाज को आइना दिखाने वाली समाज है ओर आने वाले समय महिलाओं का ही है। इसलिए मैं ब्राह्मण समाज की सभी मातृशक्ति को प्रणाम करता हूँ।

### कर्ज से परेशान वेयर हाउस संचालक ने जहर खाकर की आत्महत्या

**सिवनी मालवा।** विकासखंड सिवनी मालवा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सोमलवाड़ा के शिव शंकर वेयर हाउस संचालक ने कर्ज ओर मानसिक



प्रताड़ना के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही वेयर हाउस संचालक अभिषेक गौर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी डॉ. ब्रजेश राजपूत ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या के पहले मृतक अभिषेक गौर ने सोशल मीडिया पर आत्महत्या करने से पहले वीडियो पोस्ट कर वायरल किए हैं। जिसमे मृतक ने चौतलाय समिति प्रबंधक भीम लौवंशी पर वर्ष 2022-23 में मूंग की खरीदी में हेराफेरी किए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही वीडियो में कर्ज से परेशान होने का भी मामला भी सामने आ रहा है। इस पूरे मामले में थाना प्रभारी अनूप कुमार उईके ने बताया सुबह अस्पताल से जानकारी मिली थी की सोमलवाड़ा के वेयर हाउस संचालक को जहरीला पदार्थ खाने के बाद अस्पताल लाया गया था, जहां उनकी मृत्यु हो गई है। मृत्यु के बाद पता चला की मृत्यु के पूर्व उनके द्वारा कुछ वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर डाले गए हैं। जिसकी जांच की जा रही है उसके बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर हर पहलू की जांच की जा रही है।

### शिक्षक संघर्ष सयुक्त मोर्चा ने शिक्षको को अतिशेष करने के विरोध में ज्ञापन सौपा



**गंजबासौदा।** शिक्षक संघर्ष सयुक्त मोर्चा ने डिप्टी कलेक्टर और शिक्षा विभाग की प्रभारी शशि मिश्रा को जिले के शिक्षको को अतिशेष किए जाने के सम्बंध मे सैकडो शिक्षको के साथ ज्ञापन सौपा है। मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि पद भरे होने के बाद भी रिक्त पद बता देना और नबीन शिक्षक की नियुक्ति करना और फिर सीनियर शिक्षक को अतिशेष करना प्रयोग शाला शिक्षक के पद भरे होने के बाद पूर्व मे उन्हे प्राथमिक शिक्षक दर्ज करना और फिर अतिशेष घोषित करना बरिष्ठ पद प्रभार के बाद कुछ कमी छोडकर कुछ शिक्षको को अतिशेष करना उर्दू शिक्षको के पद भरे होने के बाद भी उन्ही शिक्षको को अतिशेष करना यह सब संकुल बीईओ और डीईओ आफिस की कमी है जो आज शिक्षक भुगत रहा है अपने आबेदन लेकर दर दर भटककर मानसिक टेंशन से गुजर रहा है इसका जिम्मेदार कौन है?

### ऑनलाइन खरीदी के विरोध में पुतला दहन



**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय व्यापार मंच ने मंगलवार को सुभाष चौक पर ऑनलाइन खरीदी की विरोध में अमेजॉन फ्लिपकार्ट वॉलमार्ट का पुतला जलाया द्य इस मौके पर व्यापार मंच ने कहा कि अमेजॉन,फ्लिपकार्ट, वॉलमार्ट जैसी विदेशी कंपनियों द्वारा भारत में किए जा रहे ऑनलाइन व्यापार से स्थानीय सैकड़ों खुदरा व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है द्य ग्राहक भी लुट रहे हैं। व्यापारियों ने कहा कि ऑनलाइन कंपनियों के बढ़ते प्रभाव से छोटे व्यवसायों और स्थानीय दुकानदारों को नुकसान हो रहा है,जिससे वे अपना व्यवसाय चलाने में असमर्थ हो रहे हैं। ऑनलाइन कंपनियों के कारण कई छोटे व्यवसाय बंद हो रहे हैं जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है ऑनलाइन कंपनियों को बड़े पैमाने पर सब्सिडी और अन्य लाभ मिलते हैं।

## मेट्रो एंकर — भागवत कथा के तृतीय दिवस कथा वाचक कृष्ण चंद्र ठाकुर जी महाराज ने बताया

# भगवान कभी भी गरीब और अमीर में भेद नहीं करते

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

गंज हनुमान मंदिर पर चल रही भागवत कथा के तृतीय दिवस प्रसिद्ध कथा वाचक श्री कृष्ण चंद्र ठाकुर जी महाराज ने बताया कि भगवान भक्त के अधीन होते हैं वह भक्ति के वश में होते हैं। भगवान गरीब और अमीर का भेद नहीं करते। जब दुर्योधन ने भगवान कृष्ण को हस्तिनापुर आने का निमंत्रण भेजा और उन्हें अपने विलासिता से भरे महल में भोजन पर बुलाया परंतु भगवान कृष्ण ने अहंकारी दुर्योधन के छप्पन भोग को त्याग कर कृष्ण को पुत्र के समान प्रेम करने वाली विदुरानी जिन्हे वह काकी जी कहते थे। उसके टूटे हुए घर जाकर रूखे सूखे भोजन कर प्रसन्न हो गए । भक्ति की पराकाष्ठा तो तब हो गई जब श्री कृष्ण के अनुराग में अनुरक्त भक्त शिरोमणि काकी विदुराणी, भगवान कृष्ण को अपने हाथों से केले के छिलके खिलाती रही और भगवान कृष्ण भी बड़े प्रेम से उनके हाथों से केले के छिलके खाते रहे। श्री कृष्ण चंद्र ठाकुर जी ने कहा कि प्रेम परिचय को पहचान बना देता है, प्रेम इंसान को भगवान बना देता है। कथा व्यास ने कहा कि हरि के दरबार में जाति पाति पूछे नहीं कोई, हरि को



भजै तो हरि को होई, अर्थात हरि के दरबार में जाति-पाति का भेद नहीं होता। जो हरि को भजता है, उनका प्रेममय स्मरण करता है, हरि उनके हो जाते हैं। कथा को कहते हुए कथावाचक श्री कृष्ण चंद्र ठाकुर जी महाराज ने धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि जब भगवान वेद व्यास से पूछा गया कि धर्म क्या है तो उन्होंने धर्म को परिभाषित करते हुए बताया कि जो व्यवहार आप स्वयं के लिए उचित नहीं समझते, उसको दूसरों के साथ ना करना ही धर्म है। जीव हिंसा पर कुठाराघात करते हुए ठाकुर जी ने कहा कि जीव हिंसा पाप है, हमारे जैन भाई अहिंसा को सर्वोपरि मानते हैं यह धर्म है। हमारे सिख भाई, गुरूद्वारों में लंगर सेवा करते हैं यह धर्म है। जैन, बुद्ध, आर्य, सिख सभी सनातन की शाखाएं हैं।

कथा के प्रारंभ में उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी जी महाराज ने कहा कि गंज बासौदा परम सिद्ध संतों की भूमि है। इस भूमि पर निरंतर सुयोग्य विद्वानों द्वारा सत्संग आयोजित होते रहें, इसके लिए श्री गंज हनुमान सत्संग सेवा समिति का गठन किया गया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों और दान दाताओं से इस समिति से जुड़ने का आह्वान किया है। जिससे प्रति बर्ष सत्संग आयोजित किए जा सकें। कथा में आष्टा से संत छबीलदास जी महाराज, चित्रकूट से संत जगमोहन दास जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने भ्रमण कर विभिन्न कार्यों का जायजा लिया



सिरोंज, दोपहर मेट्रो



कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सिरोंज में जनसुनवाई कार्यक्रम के उपरांत भ्रमण कर सिरोंज से लटेरी बायपास सड़क मार्ग के लिए प्रस्तावित रुट तथा शासकीय सांदीपनि स्कूल (सीएम राइज) के भवन निर्माण हेतु आवंटित भूमि और निर्माण कार्य के नक्शे अनुसार संपादित कार्य की जानकारी निर्माण एजेंसी द्वारा दी गई है।

एसडीएम हर्षल चैधरी ने प्रस्तावित बायपास सड़क मार्ग और स्कूल भवन के निर्माण लिए की जारी तैयारियों की जानकारियां सांझा की है।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी साथ मौजूद रहे।

**सी.बी.एस.ई हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल के आए परिणाम**

## कामर्स में सानिध्य, विज्ञान में शुभाना तथा हाई स्कूल में अंशित रहे प्रथम







**सिरोंज ।** सीबीएसई बोर्ड के द्वारा मंगलवार को परिणाम घोषित कर दिए जिसमें हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखा। हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में छात्र सानिध्य जैन ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर कामर्स संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया प्रसिद्धी जैन ने 93.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रही, तृतीय स्थान पर सलोनी मीना 93 प्रतिशत अंक के साथ रही इसी प्रकार विज्ञान संकाय अंतर्गत छात्रा शुभाना खान ने 87.2 प्रतिशत रही , वहीं आयशा खानम 86 प्रतिशत अंक अर्जित किया

इसी प्रकार हाई स्कूल परीक्षा अंतर्गत छात्र अंशित नगीना द्वारा 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा छात्र शिवेन्द्र जादौन ने 93 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रहे, तृतीय स्थान पर अरनव जैन 90.4 प्रतिशत के साथ रही, चतुर्थ स्थान पर मोहम्मद खुबेब 89.8 प्रतिशत अंक तथा पांचवे स्थान पर अर्थव जैन 89.6 प्रतिशत के साथ रहे।

**जनसुनवाई में 39 विभागों की उपस्थिति में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं**

# 190 आवेदकों को सुना, 25 आवेदन मौके पर ही निपटाए

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम मे नवाचार करते हुए आम जनता की समस्याएं जिले की जगह पर विकासखंड खंड स्तर पर दूर करने के उद्देश्य को लेकर बार तहसील स्तर पर आयोजित सामूहिक जनसुनवाई में कलेक्टर के साथ जिले के 39 विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। मंगलवार को शनि मंदिर के पीछे आजीविका मिशन नवीन भवन में आयोजित सामूहिक जनसुनवाई में कलेक्टर की अध्यक्षता मे जनसुनवाई आवेदन देने के लिए आवेदकों की भीड़ लगी रही वहीं तहसील स्तर पर हुई जनसुनवाई रिकॉर्ड तोड़ समस्याओं से संबंधित कुल 190 ने पीड़ितों लोगों ने आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया इनमें से 25 के करीब आवेदनों का तो मौके पर ही समाधान कर दिया बाकी आवेदनों को एसडीएम हर्षल चौधरी को अपनी निगरानी में समाधान करवाने के लिए पाबंद किया सबसे अधिक आवेदन किसानों ने कलेक्टर को देते हुए वह कहा कि हमारे हल्का पटवारियों के द्वारा एक-एक साल हो जाने के बाद सीमांकन करने के लिए नहीं जा रहे है इसके कारण विवाद हो रहे हैं कुछ किसानों ने इसके बदले में पैसे मांगने के आरोप भी कुछ पटवारियों पर लगाए कलेक्टर ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम से सीमांकन की गति तेज करवा कर प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि जितने आवेदन पत्र पहले सीमांकन लंबित उनको हलंत में बारिश से पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा तहसीलदार को भी सख्त हिदायत दी । उनारसीताल के पूर्व सरपंच राजेश अहिरवार ने के साथ ग्रामीण जनों ने शासकीय चरनोई भूमि पर से अबैध कब्जे को छुड़वाने के लिए आवेदन देते हुए कहा कि



एक और सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर राजस्व अभियान चलाया जा रहा है! क्षेत्र में चरनोई वन विभाग, शासकीय भूमि को अवैध अतिक्रमण विरोधी की मुहीम म मुक्त की जा रही है! शासन द्वारा यह कार्यवाही छोटे छोटे कब्जाधारी पर तो बढ़ी संख्या में की जा रही है! सैकड़ों बीघा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा धारियों के सामने शासन बेबस नजर आता है! ग्राम पंचायत उनारसीताल के ग्रामों का जहां दबंगों द्वारा,प ह न 93 में खसरा नं 42 ताऊ खेड़ी एवं बरखेड़ा के नदी शासकीय स्कूल,शांतिधाम क्षेत्र में सैकड़ों बीघा भूमि पर अवैध कब्जा है! उनारसीताल के स्कूल एवं देवस्थान,की जगह खसरा नं 204 ,266, 42,161 पर बड़े पैमाने पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा है!

वहीं ग्राम उमारिया के प ह न 81 में खसरा नं 60/1/3 की सैकड़ों बीघा भूमि पर अवैध कब्जा है करने वालों से मुक्त करवाने का आग्रह किया इसी तरह पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा के साथ पालीवाल के निवासियों ने नाला बनवाने का आवेदन दिया वहीं

पार्षद टीकाराम शाक्य एवं अजमल शेर खान ने कलेक्टर को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पुश्तैनी भूमि अथवा कच्चे मकानों निवास करने वाले हितग्राहियों को अपात्रों के बदले पात्र करने की मांग करते हुए कहा कि सरकार महत्वाकांक्षी योजना का लाभ इन्हें दिया जाए

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत जमा ऑनलाइन आवेदनों की नवीन डीपीआर बनाने के लिए नगर के समस्त वार्डो में गठित दलों द्वारा सर्वे किया जा रहा है। इस कार्य हेतु गठित दल को स्थानीय प्रशासन द्वारा हितग्राहियों की पात्रता के लिए जो निर्देश दिए है उसमें गई गरीब पत्र होने के बाद भी आपत्र की श्रेणी में आ रहे हैं। जबकि शहर के गरीबों के पास जो कच्चे मकान है वो पुश्तैनी है जिन का रिकॉर्ड नगरपालिका में भी दर्ज है 60/70 वर्षो से दर्ज है उनके हित में कदम उठाकर इनके भी पक्के मकान बनवाए जाएं। सीमांकन के बाद सबसे अधिक आवेदन बिजली बिल के अधिक आने पट्टे देने, शासकीय रास्ते पर कब्जा, राशन पर्ची ,प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में आए प्राप्त हुए

### अधिकारी बैठे रहे खली, हजारों रुपए हुए बर्बाद ?

कलेक्टर 39 विभागों के अधिकारियों को लेकर जनसुनवाई में पहुंचे इस कुछ अधिकारी बस से आए बाकी सब अपने-अपने वाहनों से हजारो डीजल जलाकर आए दूसरी ओर कलेक्टर के पास आवेदन देने के लिए लाइन लगी हुई थी इनके साथ आए अधिकांश अधिकारी खाली बैठे हुए थे कुछ अधिकारी मोबाइल चला कर समय निकाल रहे थे तो कुछ अधिकारी आपस में बातचीत कर रहे थे गर्मी से भी परेशानी हो रही थी। कलेक्टर को इनके यहां पर लाने का फायदा नहीं हुए जिले में बैठकर काम करते तो शासन का ही फायदा होता दूसरी और विकासखंड के कर्मचारियों को भी विट्ठल रखा था इसके चलते सीमांकन से लेकर अन्य काम भी प्रभावित हुआ।

### बाहर लगी रही कर्मचारियों की भीड़

कलेक्टर की मौजूदगी में जहां अंदर जनसुनवाई हो रही थी इधर बाहर पटवारी ,पंचायत सचिव, रोजगार सहायक ,चौकीदारों से लेकर ज्यादातर विभागों के अधिकारी कर्मचारी का मेला लग रहा कलेक्टरके जाने बादल लोगों ने राहत की सांस ली क्योंकि ने भी शिकायत होने का डर सता रहा था

### ई-केवाईसी

जनसुनवाई कार्यक्रम में राशन कार्ड धारकों की समस्यायों के निराकरण हेतु विभाग के माध्यम से विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे। राशन नहीं मिलने की शिकायतों के वास्तविक कारणों का परीक्षण मौके पर किया जा रहा है। इस दौरान 11 आवेदकों के द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराने के कारण राशन नहीं मिलना पाया गया इन सभी का विभाग के माध्यम से ई-केवाईसी कार्य मौके पर जनरेट कराया गया है। स्कूल शिक्षा से संबंधित दो आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से एक छात्रवृत्ति दिलाए जाने का तथा दुसरा उर्दू शिक्षक की व्यवस्था कराए जाने से संबंधित था। सिरोंज में आज मंगलवार को संपन्न हुई जनसुनवाई कार्यक्रम में पंक्तिबद्ध रो में बैठकर आवेदकों से आवेदन प्राप्ति के उपरांत निराकरण की कार्यवाही संपादित की गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया, डिप्टी कलेक्टर व जनसुनवाई कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री संतोष बिटोलिया के साथ-साथ विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, स्थानीय एसडीएम हर्षल चैधरी समेत खंड स्तरीय विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण व मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

### बस से रवाना हुए जिलाधिकारी

कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रमों के तहत किए जा रहे नवाचारों के अंतर्गत सिरोंज में आयोजित जनसुनवाई में कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए विदिशा जिला मुख्यालय से बस की व्यवस्था की गई थी। विदिशा जिले में पदस्थ विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर से बस में बैठकर सिरोंज में आयोजित जनसुनवाई के लिए रवाना हुए थे।

## जाटव शिक्षा एवं जन कल्याण समिति की हुई बैठक, गंगाराम बने उपाध्यक्ष

**सिरोंज।** मंगलवार को ग्राम वीरपुर में जाटव शिक्षण एवं जन कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।, जिसमें समिति का पुनर्गठन समिति के सदस्यों तथा समाज जनों की उपस्थिति में समिति का पुनर्गठन किया गया अध्यक्ष संजू जाटव, उपाध्यक्ष गंगाराम ठेकेदार , को बनाया भूरालाल कोषाध्यक्ष , फूलसिंह ) सचिव , शेर सिंह जाटव एवं मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र को नियुक्त किया गया इस दौरान समाज में फैली पुरानी कुर्तियां को मिटाने पर सभी ने जोर देते हुए कहा कि समाज को शिक्षित बनाकर मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सभी लोग मिलकर शादी करेंगे प्रतिभाओं का सम्मान भी समिति करेगी इसके अलावा अन्य विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की एवं नवीन पदाधिकारी का स्वागत भी किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद थे।

# एसडीईआरएफ ने एनसीसी कैडेट्स और आम लोगों को दिया नागरिक सुरक्षा का प्रशिक्षण

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

बासौदा देश की बाह्य एवं आंतरिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनपद पंचायत सभागार बासौदा में विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

इस सत्र में एसडीईआरएफ (स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स) टीम द्वारा 165 एनसीसी एवं आम नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में आमजनों की सहायता करने के लिए आवश्यक तकनीकी व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

जिला सेनानी मयंक कुमार जैन एवं एएसआई लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा और एसडीईआरएफ टीम ने आपदा मित्रो को सीएसएसआर, एमएफआर, आपदा प्रबंधन, आग, प्राथमिक उपचार, हवाई हमले के बाद बचाव एवं राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण का उद्देश्य नागरिकों को



विपरीत परिस्थितियों में जागरूक एवं सक्षम बनाना रहा, ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर समाज सेवा में अपना योगदान दे सकें।

जनपद सीईओ तपस्या जैन ने बताया कि देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में हवाई हमलों के दौरान की जाने वाली कार्यवाही,आमजन की सहायता करने के संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस जानकारी से सिविल डिफेंस वालेंटियर्स देश सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।

कार्यक्रम में एनसीसी सूबेदार



गजानन मोरे हवलदार सागर पंवार, एमएस डॉ मनीष राव, डॉ विवेक सिविल अस्पताल बासौदा, एनसीसी कैप निधि शर्मा, थाना स्टॉप बासौदा भी मौजूद रहे।

### सिविल डिफेंस वालेंटियर्स की जानकारी गूगल शीट में उपलब्ध

सिरोंज। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले की निकायों के वार्डों में तथा ग्राम पंचायतों में सिविल डिफेंस वालेंटियर्स बनाए जाने हेतु जारी आदेशानुसार तमाम कार्यवाही तय सीमा में पूरी कर गूगल शीट में हर रोज जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मयंक जैन ने बताया कि विदिशा जिले के सभी निकायों के अधिकारियों तथा सीईओ जनपद प्रत्येक ग्राम पंचायत में 2 और प्रत्येक वार्ड में 5 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स बनाकर उनका पुलिस वेरिफिकेशन संबंधित जानकारी संबंधित थाने से करवाकर प्रत्येक वालेंटियर्स की जानकारी गूगल शीट में भरना सुनिश्चित की जानी है। उन्होंने प्रतिदिन की उक्त जानकारी शाम 5 बजे तक भर उपलब्ध कराने की अपील की है ताकि शासन स्तर पर जानकारी समय से प्रेषित की जा सके।

## युवाओं से सिविल डिफेंस वालंटियर के रूप में पंजीकरण करने का आह्वान

**सिरोंज।** माई भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर के युवाओं को माई भारत सिविल डिफेंस वालंटियर के रूप में नामांकित करने हेतु सक्रिय रूप से प्रेरित किया जा रहा है। यह राष्ट्रव्यापी अभियान युवाओं को राष्ट्रीय कार्यों में विशेष रूप से आपातकालीन एवं संकट की घड़ी में योगदान देने हेतु सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल का उद्देश्य एक प्रशिक्षित, सतर्क और उत्तरदायी वालंटियर बल तैयार करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों एवं अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों में नागरिक प्रशासन की सहायता कर सकें। वर्तमान परिस्थितियों एवं उभरती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए, समुदाय आधारित सशक्त प्रतिक्रिया तंत्र की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। सिविल डिफेंस वालंटियर इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे स्थानीय प्रशासन की सहायता बचाव एवं निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा एवं आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, जन सुरक्षा तथा आपदा प्रतिक्रिया एवं पुनर्वास प्रयासों में करते हैं। एक तैयार और प्रशिक्षित नागरिक बल की आवश्यकता आज अत्यंत महत्वपूर्ण है, और माई भारत इस राष्ट्रीय मिशन में समर्पित रूप से योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला युवा अधिकारी द्वारा जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि माई भारत अपने सक्रिय युवा वालंटियर्स नेटवर्क एवं सभी उत्साही युवाओं से अपील करता है कि वे आगे आएं और माई भारत सिविल डिफेंस वालंटियर के रूप में पंजीकरण करें। वर्तमान माई भारत वालंटियर्स के साथ-साथ वे सभी नवयुवक, युवतियां जो राष्ट्रसेवा के इस कार्य में भाग लेना चाहते हैं, इस पहल में शामिल हो सकते हैं। यह पहल न केवल युवाओं में नागरिक उत्तरदायित्व एवं अनुशासन की भावना को प्रबल करती है, बल्कि उन्हें संकट की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु जीवन रक्षक व्यावहारिक कौशल एवं प्रशिक्षण भी प्रदान करती है। पंजीकरण प्रक्रिया सरल एवं आधिकारिक माई भारत पोर्टल https://mybharat.gov.in के माध्यम से उपलब्ध है। यह युवाओं के लिए एक प्रेरणादायी आह्वान है कि वे आगे आएं और इस राष्ट्रीय उद्देश्य हेतु अन्य युवाओं एवं जनसामान्य को भी प्रेरित करें।

**मेट्रो एंकर** | **मांगलिक कार्यों के लिए बने अंबेडकर भवन का उद्देश्य नहीं हुआ पूरा**

# बिल्डिंग की हालत जर्जर, खिड़की-दरवाजे, ईटें तक चुरा ले गए चोर

विशाल रजक तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

नगर में 17 वर्ष पहले लगभग 14 लाख रुपए की लागत से मांगलिक कार्यों के लिए भवन बनाया गया इस भवन का नाम अंबेडकर भवन रखा गया साथ ही जिस उद्देश्य के साथ यह भवन बनाया गया था वह उद्देश्य पूरा नहीं हुआ यह भवन गरीबों के मांगलिक कार्यों के लिए यह भवन बनाया गया लेकिन आज दिनांक तक इस भवन में एक भी मांगलिक कार्य संपन्न नहीं हुआ है साथ ही भवन की बन जाने के बाद इसकी किसी प्रकार से मरम्मत नहीं कराई गई है ना देखरेख कराई गई जिसके कारण वर्तमान में भवन बद से बदतर हो गया है और



पूरा भवन झज्जर हो चुका है अब इस भवन की लगातार चोरियां हो रही है आसामाजिक तत्वों द्वारा लोहे के गेट खिड़की चोरी हो रहे हैं इन्हें रोकने वाला कोई नहीं है

### वार्ड क्रमांक 9 में बना है भवन

वार्ड क्रमांक 9 में मांगलिक कार्यों के लिए आदिम जाति विभाग द्वारा 14 लाख की लागत से बने भवन का विधिवत शुभारंभ भी किया गया लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि एक भी मांगलिक कार्य इस भवन से नहीं हुआ भवन में लगे खिड़की दरवाजे टाइल्स भी चोरी हो गए हैं जगह-जगह भवन में दरारें आ गई कुछ समय पहले इस भवन के आगे का छज्जा भी गिर गया है लेकिन किसी भी अधिकारी ने इस भवन की कोई जानकारी आज तक नहीं ली है जिसके कारण चोरों की हौसले बुलंद है

### दो विभागों के बीच फंसा भवन

पूर्व में जब आदिम जाति कल्याण विभाग से इस भवन के संबंध में बातचीत की गई थी तो उनका कहना था कि यह भवन नगर परिषद को हैंडोवर कर दिया गया है। इसके बाद जब इस संबंध में नगर परिषद से बात की गई तो उनका कहना था कि उन्हें पता ही नहीं है कि यह कब हैंडोवर हो गया ऐसी स्थिति में कुछ समय बाद भवन का नामोनिशान नहीं रहेगा। अब सवाल उठता है कि भवन की किसके पास है इसका जिम्मेदारो को पता ही नहीं।

### बाउंड्रीवॉल की ईट निकाल कर ले जा रहे सामाजिक लोग

भवन की देखरेख न होने के कारण भवन के आगे बनी बाउंड्रीवॉल की दीवाल मैं लगी ईंटों को असामाजिक तत्व निकाल निकाल कर ले जा रहे हैं जिसके कारण बाउंड्री वालों की हालत भी खराब होती जा रही है कुछ समय और ऐसा चला तो इस भवन का पता ही नहीं चलेगा कि कभी यहां भवन भी बना हुआ था सबसे बड़ा सवाल लोगों के मन में यह जा रहा है कि जब इस भवन का उपयोग ही नहीं होना था तो शासन ने लाखों रुपये खर्च कर इसे किसलिए बनवाया था

### असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

अंबेडकर भवन इस समय लावारिस हालत में अस्त व्यस्त है जिसके चलते असामाजिक तत्व द्वारा इसका उपयोग समय-समय पर किया जाता है शराब जुआ से लेकर अनैतिक गतिविधियां भी इस भवन में हो जाती जिसके कारण आसपास के निवासरत लोग काफी हैरान परेशान है पूर्व में असामाजिक तत्वों ने इसका नाम अंबेडकर भवन की स्थान पर भूत बंगला रख दिया था जिसके कारण लोगों में कुछ समय तक दहशत का माहौल बना रहा

### भवन हो गया क्षतिग्रस्त

अंबेडकर भवन की देखभाल ना होने के कारण यह भवन बद से बदतर हो रहा है कोई भी संबंधित विभाग इस भवन की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिसके कारण आज स्थिति यह है कि जगह-जगह प्लास्टर निकल रहा है छत मैं लगा लोहा दिख रहा सीढ़ियों पर लगे टाइल्स निकाल ले गए हैं गंदगी का आलम है साथ ही असामाजिक लोग भवन मै लगी ईटे निकाल कर भवन तोड़ रहे हैं

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहली बार नहीं लगा किसी भारतीय के करियर पर विराम

# 14 साल पहले भी थे ऐसे हालात लिस्ट में कई ऐसे धुरंधरों के नाम



**नई दिल्ली , एजेंसी**

भारत के हालिया ऑस्ट्रेलिया दौरे ने तीन दिग्गज भारतीय खिलाड़ियों के करियर पर विराम लगा दिया। दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दौरे के बीच में ही अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया। वहीं, रोहित शर्मा और विराट कोहली ने इस महीने एक हफ्ते के अंदर टेस्ट को अलविदा कह दिया। ये दोनों टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। अब रोहित और विराट सिर्फ वनडे में खेलते दिखाई पड़ेंगे। इसी के साथ ये तीनों उन क्रिकेटर्स की लिस्ट में शामिल हो गए, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद इस प्रारूप से या फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया। इस लिस्ट में कई महान खिलाड़ी शामिल रहे हैं। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और दिलीप वेंगसरकर जैसे दिग्गज क्रिकेटर्स इस सूची में शामिल हैं।

**1991/92 भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीजः के श्रीकांत का संन्यासः** भारत के पूर्व ओपनर श्रीकांत ने फरवरी 1992 में ऑस्ट्रेलिया की धरती पर खेली गई टेस्ट सीरीज के बाद संन्यास लिया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर ही अपना आखिरी टेस्ट खेला था। हालांकि, वह वनडे खेलते रहे थे, लेकिन वनडे से भी उन्होंने मार्च 1992 में संन्यास ले लिया था। पर्थ के वाका में श्रीकांत ने आखिरी टेस्ट खेला था। इस मैच में वह 34 और 38 का स्कोर बना पाए थे। पांच मैचों की यह टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 4-0 से अपने नाम की थी।



## 1991/92 भारत- दिलीप वेंगसरकर का संन्यास

सिर्फ श्रीकांत नहीं, 1992 की यह सीरीज महान दिलीप वेंगसरकर की भी आखिरी टेस्ट सीरीज साबित हुई थी। पर्थ में खेला गया पांचवां टेस्ट उनका आखिरी टेस्ट रहा। वनडे से वह पहले ही संन्यास ले चुके थे। इस तरह 1991/92 भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज भारत के दो महान बल्लेबाजों के लिए आखिरी टेस्ट सीरीज साबित हुई।

## 2011/12 राहुल द्रविड़ ने लिया था संन्यास

भारत ने 2011/12 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। इस सीरीज के चौथे टेस्ट के बाद भारत के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने भी टेस्ट से संन्यास ले लिया था। एडिलेड ओवल में खेला गया चौथा टेस्ट द्रविड़ का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच साबित हुआ। वनडे और टी20 से वह पहले ही संन्यास ले चुके थे। द्रविड़ ने अपने आखिरी मुकाबले में एक और 25 रन की पारी खेली।

## 2011/12 वीवीएस लक्ष्मण ने लिया था संन्यास

द्रविड़ के अलावा एक और महान बल्लेबाज ने 2012 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को छोड़ दिया था। यह बल्लेबाज कोई और नहीं बल्कि वेरी वेरी स्पेशल वीवीएस लक्ष्मण हैं। एडिलेड टेस्ट उनके लिए भी आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच रहा। लक्ष्मण ने अपने आखिरी मुकाबले में 18 और 35 रन की पारी खेली। भारत चार मैचों की यह सीरीज 4-0 से हार गया था।

## 2014/15 महेन्द्र सिंह धोनी ने लिया था संन्यास

भारत ने 2014/15 में चार मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। जब इस सीरीज के लिए टीम का एलान हुआ तो धोनी कप्तान थे। किसी को कोई अंदाजा नहीं था कि इस सीरीज में कुछ ऐसा होने वाला है जो विश्व क्रिकेट को चौंका कर रख देगा। भारत एडिलेड और गाबा में खेले गए शुरुआती दो टेस्ट में बुरी तरह हार गया था। इसके बाद तीसरे टेस्ट में तब उपकप्तान रहे विराट कोहली को कमान सौंपी गई और धोनी ने चोट का हवाला देते हुए आराम का फैसला किया। मेलबर्न में खेला गया तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा और इस टेस्ट के खत्म होते ही धोनी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया।

## 2018/19 मुरली विजय ने लिया था संन्यास

भारत ने 2018/19 में चार मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। एडिलेड में खेले गए पहले टेस्ट में टीम इंडिया ने जीत हासिल की, जबकि पर्थ में खेले गए दूसरे टेस्ट को ऑस्ट्रेलिया ने अपने नाम किया था। इन दोनों टेस्ट में मुरली विजय ने ओपनिंग की, लेकिन उनका प्रदर्शन खराब रहा था। इसके बाद उन्हें तीसरे और चौथे टेस्ट के लिए ड्रॉप किया गया। तीसरा टेस्ट भारत ने जीता और चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा। भारत ने 2-1 से सीरीज जीती और विजय के लिए यह आखिरी सीरीज साबित हुई। इसके बाद वह अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल पाए।

## 2024/25 रविचंद्रन अश्विन ने लिया संन्यास


एक ऐसे समय में जब अश्विन अपने करियर के चरम पर थे, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया। यह एक ऐसा फैसला है, जिसके पीछे की वजह शायद खुद अश्विन ही बता पाएं। टेस्ट में 537 विकेट, 37 फाइफर्स, 11 प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड्स, छह टेस्ट शतक, 14 अर्धशतक...ऐसा कौन सा रिकॉर्ड है जिससे अश्विन पीछे रहे, लेकिन उन्होंने इससे दूर जाने का फैसला लिया। वह शुरू में एक बल्लेबाज थे, जो कि आगे चलकर एक महान स्पिनर बना। वह आमतौर पर ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते थे, लेकिन उनकी कैरम बॉल ने दुनिया में तहलका मचा दिया था।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लुंगी एनगिडी की दक्षिण अफ्रीका टीम में वापसी

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**

तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी की लॉर्ड्स मैदान पर 11 जून से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जाने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए घोषित 15 सदस्यीय दक्षिण अफ्रीका की टीम में वापसी हुई है। कागिसो रबाडा नशीली दवाओं के सेवन के कारण एक महीने के निलंबन पूरा कर टीम में शामिल छह तेज गेंदबाजों में से एक हैं। इसमें मार्को यानसेन, वियान मुल्डर और कॉर्बिन बॉश तेज गेंदबाजी हरफनमौला है। टीम में केशव महाराज और सेनुरन मुथुसामी के रूप में दो स्पिनर भी शामिल हैं। तेम्बा बावुमा टीम की अगुवाई करना जारी रखेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, एडेन मारक्रम, टोनी डी जोर्जी, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड बेडिंघम की मौजूदगी से हमारा शीर्ष क्रम काफी मजबूत है तो वहीं टीम को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल काइल वेरिन विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे। टीम के मुख्य को शुकरी कोर्नाड ने कहा, हमने पिछले 18 महीने में लाल गेंद प्रारूप में टीम को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। हमारी उपलब्धियों में यह दिखता भी है। दक्षिण अफ्रीका की टीम 31 मई को अरुंडेल में अभ्यास शुरू करेगी।



### दक्षिण अफ्रीका टीम

तेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, कॉर्बिन बॉश, टोनी डी जोर्जी, मार्को यानसेन, केशव महाराज, एडेन मारक्रम, वियान मुल्डर, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, डेन पैटरसन, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन (विकेटकीपर)।

### आस्ट्रेलियाई टीम


पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुन्हेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

### आस्ट्रेलियाई टीम में कोंस्टास, ग्रीन

आक्रामक सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास और फिट होकर लौटे हरफनमौला कैमरन ग्रीन को अगले महीने लंदन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिये आस्ट्रेलियाई टीम में जगह दी गई है । गत विजेता आस्ट्रेलियाई टीम में लगभग वही सदस्य हैं जिन्होंने इस साल की शुरूआत में भारत और श्रीलंका से खेला था । आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा ,टीम ने श्रीलंका को श्रृंखला में हराकर डब्ल्यूटीसी चक्र का शानदार समापन किया । इससे पहले भारत को एक दशक में पहली बार टेस्ट श्रृंखला में परास्त किया । उन्होंने कहा ,पिछले दो साल में टीम ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और अब हमारे पास विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप खिताब बरकरार रखने का मौका है। डब्ल्यूटीसी फाइनल लॉडर्स पर 11 से 15 जून तक खेला जायेगा। मेलबर्न में बॉक्सिग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ शानदार पदार्पण करने वाले कोंस्टास को श्रीलंका दौरे से स्वदेश भेज दिया गया था ।

# विराट के संन्यास पर बोले अश्विन- उन्हें एक-दो साल और टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहिए था

**नई दिल्ली।** महान स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि उन्हें एक-दो साल और टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहिए था। सोमवार को भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया था। उन्होंने इस फैसले की जानकारी सोशल मीडिया पर दी थी। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर किंग कोहली के टेस्ट करियर पर बात की। इस दौरान पूर्व स्पिनर ने बताया कि विराट की कौन सी खासियत उन्हें सबसे अलग बनाती है।



विराट की इस खासियत ने किया अश्विन को प्रभावित अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा- उनकी ऊर्जा का स्तर उन्हें सबसे अलग बनाता था। चाहे वह बल्लेबाजी हो, कप्तानी हो या सिर्फ एक प्रतियोगी होना। कभी-कभी मैं विराट से पूछना चाहता था, आज आपने नाश्ते में क्या खाया? दाएं हाथ के बल्लेबाज ने भारत के लिए 123 टेस्ट मैचों में 46.85 की औसत से 30 शतक समेत 9230 रन बनाए।

**एक-दो साल और खेलना चाहिए था-** अश्विन का मानना है कि विराट को एक या दो साल और टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहिए था। उन्होंने आगे कहा- मुझे लगता है कि विराट के पास टेस्ट क्रिकेट के लिए एक या दो साल और बचे थे।

### 17 मई से फिर होंगे आईपीएल के बचे शेष मैच

# खिलाड़ियों की उपलब्धता के लिये विदेशी बोर्ड पर दबाव बना रहा है बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई और आईपीएल टीमें 17 मई से फिर से शुरू हो रहे आईपीएल के लिये अपने खिलाड़ियों को भेजने के लिये विदेशी बोर्ड पर दबाव बना रहे हैं। हालांकि भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के कारण अभी भी सुरक्षा को लेकर चिंतायें हैं । बीसीसीआई के आला अधिकारियों ने आईपीएल सीओओ हेमांग अमीन से कहा है कि वे क्रिकेट आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से खुद बात करके सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करे ।

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण नौ मई को लीग स्थगित कर दी गई थी । इसके एक दिन बाद ही हालांकि युद्धविराम की घोषणा के बाद आईपीएल की बहाली का मार्ग प्रशस्त हुआ। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा,हम विदेशी बोर्ड से निजी तौर पर बात कर रहे हैं जबकि टीम सीधे अपने खिलाड़ियों के संपर्क में है । हमें उम्मीद है कि अधिकांश लौट आयेंगे । क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने भारत लौटने या नहीं लौटने का फैसला खिलाड़ियों पर छोड़ दिया है । टीम अधिकारियों ने पीटीआई को बताया कि कुछ विदेशी खिलाड़ी वापसी को लेकर अभी भी आशंकित हैं लेकिन अधिकांश के लौट आने की संभावना है। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथ ने कहा ,संशोधित कार्यक्रम का ऐलान कल रात हुआ । हम अपने विदेशी खिलाड़ियों से संपर्क कर रहे हैं । इसके बाद ही तस्वीर साफ हो सकेगी । हमारा मैच 20 मई को है तो अभी काफी समय है । पंजाब किंग्स के आस्ट्रेलियाई हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस के लौटने की उम्मीद कम है हालांकि मुख्य कोच रिकी पोंटिंग उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं।



**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**



# यूजर्स को भाया सितारे जमीन पर का ट्रेलर, आमिर और जेनेलिया की जमकर तारीफ

काफी इंतजार के बाद आखिरकार आज आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया। ट्रेलर में आमिर खान को एक कोच बने हुए दिखाया गया है। फिल्म में आमिर खान 10 ऐसे बच्चों को बॉस्केटबॉल सिखा रहे हैं जो दिव्यांग हैं। आइए जानते हैं यूजर्स को सितारे जमीन पर का ट्रेलर कैसा लगा? ट्रेलर में दिखाया गया है कि आमिर खान नशा करके गाड़ी चलाते हैं। उनकी गाड़ी का एक्सीडेंट हो जाता है। इसके बाद अदालत उन्हें सजा सुनाती है। सजा के तौर पर अदालत उनसे कहती है कि वह दिव्यांग बच्चों को बॉस्केटबॉल सिखाएं। आमिर खान जब बच्चों को बॉस्केटबॉल सिखाने जाते हैं तो उन्हें बहुत संघर्ष करना पड़ता है। ट्रेलर की कहानी इसी के आस-पास घूमती है। आपको बता दें कि सितारे जमीन पर के ट्रेलर को आमिर खान टाकीज नाम के यूट्यूब चैनल पर जारी किया गया। ट्रेलर को यूजर्स ने काफी पसंद किया है। तीन घंटे में यूट्यूब पर इसे 15 लाख 88 हजार लोगों ने देखा है। एक लाख 99 हजार यूजर ने इसे लाइक किया है। ट्रेलर पर 14 हजार से ज्यादा कमेंट आए हैं। ख्याल रहे फिल्म सितारे जमीन पर का ट्रेलर पहले ही रिलीज होने वाला था लेकिन भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की वजह से इसे टाल दिया गया। सितारे जमीन पर साल 2007 की फिल्म तारे जमीन पर का सीक्वल है। फिल्म के निर्देशक आर एस प्रसन्ना हैं।

# आपकी मैक्सवेल से शादी नहीं हुई इसलिए..., ऐसी बातें सुनकर भड़कीं प्रीति; ट्रोलर्स को लगाई लताड़

बॉलीवुड अभिनेत्री और आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अकसर यूजर्स के सवालों का जवाब देती हैं और उनकी जिज्ञासाओं को दूर करती हैं। ऐसा ही कुछ उन्होंने मंगलवार को किया। मशहूर अभिनेत्री ने आस्क मी एनिथिंग सेशन का आयोजन किया, जिसमें एक यूजर ने उनकी टीम के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को लेकर एक ऐसा सवाल पूछा जिसपर प्रीति अपना आपा खो बैठीं और उसे जबरदस्त फटकार लगा दी। दरअसल, एक यूजर ने प्रीति जिंटा से ग्लेन मैक्सवेल के खराब फॉर्म को लेकर सवाल किया। उसने पूछा- मैम मैक्सवेल की आपसे शादी नहीं हुई इसलिए वो आपको टीम से अच्छा नहीं खेलता था? एक्स यूजर का यह सवाल देखते ही प्रीति आगबबूला हो गईं और उसे जबरदस्त लताड़ लगा दी।



### मैक्सवेल कर रहे संघर्ष

ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स की तरफ से खेल रहे हैं। आरसीबी ने 18वें सत्र की मेगा नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था। इसके बाद पंजाब ने उन्हें 4.2 करोड़ में खरीदा। हालांकि, वह इस सत्र में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं। सात मैचों में वह सिर्फ 48 रन बनाए। इसके अलावा उन्हें सिर्फ चार विकेट ही मिले हैं। ऐसे में प्रशंसक उनके फॉर्म पर सवाल उठा रहे हैं।

### पंजाब किंग्स की सह-मालकिन ने लगाई यूजर को लताड़

प्रीति ने कहा- क्या आप यह सवाल सभी टीमों के पुरुष टीम मालिकों से पूछेंगे, या यह भेदभाव सिर्फ महिलाओं के प्रति है? मुझे कभी नहीं पता था कि महिलाओं के लिए कॉर्पोरेट सेटअप में जीवित रहना कितना मुश्किल है जब तक कि मैं क्रिकेट में नहीं आ गई। मुझे यकीन है कि आपने यह सवाल मजाक में पूछा है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि आप वास्तव में अपने प्रश्न को देख सकते हैं और समझ सकते हैं कि आप क्या कहने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि अगर आप वास्तव में समझते हैं कि आप क्या कहने की कोशिश कर रहे हैं, तो यह अच्छा नहीं है! मुझे लगता है कि मैंने पिछले 18 साल से बहुत मेहनत करके अपना मुकाम हासिल किया है, इसलिए कृपया मुझे वह सम्मान दें, जिसकी मैं हकदार हूं और लिंग पक्षपात करना बंद करें। धन्यवाद।



**मेट्रो बाजार**

# भारत का अमेरिका को करारा जवाब 29 उत्पादों पर लगाएगा टैरिफ

नई दिल्ली। अमेरिका द्वारा भारतीय स्टील और एल्युमिनियम पर टैरिफ लगाने के बाद भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) में कड़ा रुख अपनाया है। अमेरिका ने स्टील पर 25त्न और एल्युमिनियम पर 10त्न आयात शुल्क लगाया है, जिसे भारत ने डब्लूटीओ नियमों के खिलाफ करार दिया है। जवाबी कदम उठाते हुए भारत ने अमेरिका से आने वाले 29 उत्पादों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने का प्रस्ताव पेश किया है।भारत ने जिन उत्पादों को इस प्रस्ताव में शामिल किया है, उनमें सेब, बादाम, नाशपाती, बोरिक एसिड, एंटी-फ्रीजिंग उत्पाद और लोहे-स्टील से बने सामान प्रमुख हैं। भारत का कहना है कि अमेरिका के इन टैरिफ से उसे करीब 1.91 अरब डॉलर का नुकसान होगा, क्योंकि इससे 7.6 अरब डॉलर का आयात प्रभावित हो सकता है।



भारत का आरोप है कि अमेरिका ने टैरिफ लगाने से पहले डब्लूटीओ को सूचित नहीं किया और न ही भारत से कोई परामर्श किया, जो डब्लूटीओ नियमों (गेट1994 और एओएस समझौते) का उल्लंघन है। भारत ने कहा है कि उसे भी नियमों के तहत जवाबी शुल्क लगाने का पूरा अधिकार है। भारत ने डब्लूटीओको सूचित किया है कि वह 30 दिनों के भीतर यह टैरिफ लागू कर सकता है, और आवश्यकता पड़ने पर इनकी दरों या उत्पादों की सूची में बदलाव भी किया जा सकता है।

**व्यापारिक संतुलन की दिशा में कदम-** भारत का यह फैसला व्यापारिक संतुलन बनाने और अपने आर्थिक हितों की रक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। इस कदम के जरिये भारत न केवल आर्थिक दबाव का जवाब दे रहा है, बल्कि अपनी स्थिति को मजबूती से अंतरराष्ट्रीय मंच पर रख भी रहा है।

# अप्रैल में खुदरा महंगाई घटकर 3.16% पर पहुंची, जुलाई 2019 के बाद सबसे निचला स्तर

नई दिल्ली। देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई दर अप्रैल 2025 में घटकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई है, जो जुलाई 2019 के बाद सबसे निचला स्तर है। जो उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। सरकार द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, यह गिरावट मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी और स्थिर ऊर्जा लागत के चलते दर्ज की गई है। लगातार तीसरे महीने महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 फीसदी के लक्षित स्तर से नीचे बनी हुई है, जिससे मौद्रिक नीति में संभावित राहत की उम्मीद बढ़ गई है। इससे पहले मार्च 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 फीसदी रही थी।



### महंगाई में बड़ी राहत

'खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर अप्रैल में घटकर 1.78त्न हो गई, जो मार्च में 2.69 फीसदी थी। ' सब्जियों के दाम में सालाना आधार पर 11त्न की गिरावट दर्ज की गई, जबकि मार्च में यह गिरावट 7.04 फीसदी थी। ' अनाज की कीमतों में 5.35 फीसदी की वृद्धि हुई, जो मार्च में 5.93 फीसदी थी। ' दालों के दाम में 5.23त्न की गिरावट आई, जबकि पिछले महीने यह गिरावट 2.73 फीसदी थी।

## तलवार लेकर घूम रहा कार चालक पकड़ाया

**भोपाल।** मंगलवारा पुलिस ने चैकिंग के दौरान तलवार लेकर घूम रहे एक कार चालक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मंगलवारा थाना प्रभारी अजय कुमार सोनी स्टाफ के साथ रेलवे माल गोदाम के पीछे डबल फाटक के पास वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक कार को रोका तो चालक के पास तलवार और बांस का डंडा रखा मिला। पूछताछ में चालक ने अपना नाम सचिन ठाकुर (19) निवासी बकतरा जिला सीहोर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**भोपाल।** कोलार इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घायल के भतीजे की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गजानंद राय (46) राजहर्ष कालोनी कोलार रोड पर रहते हैं। रविवार की रात करीब सवा आठ बजे वह अपनी मोटर सायकिल से ललिता नगर से एमपी नगर की तरफ जा रहे थे। वह ललिता नगर तिराहा स्थित मेन रोड पर पहुंचे, तभी एक कार चालक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे भतीजे राजदीप राय ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया और बाद में थाने जाकर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**भोपाल।** गुनगा इलाके में डंपर की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति को गंभीर चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने टक्कर मारने वाले डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सोनाथ सिंह अहिरवार ग्राम गनियारी थाना नजीराबाद के रहने वाले हैं। सोमवार की रात वह अपने साले की बेटी के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम रतुआ रतनपुर आए थे। मंगलवार सुबह करीब ग्यारह बजे वह अपनी मोटर सायकिल से घर जाने के लिए निकले थे। घर से कुछ दूर जाते ही ग्राम रतुआ सुकविलया रोड के जोड़ के पास एक पीले रंग के तेज रफ्तार डंपर ने सोनाथ सिंह की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल सोनाथ को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने इस मामले में घायल के साले की रिपोर्ट पर डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### नहीं थम रहा चोरी का सिलसिला, वारदातों में आए दिन हो रहा इजाफा

# युवक का सवा लाख का आईफोन चोरी, कई यात्रियों के मोबाइल और पर्स ले उड़े बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

यशवंतपुर एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रहे एक युवक का सीट पर रखा आईफोन चोरी हो गया। चोरी गए आईफोन की कीमत करीब सवा लाख रुपए बताई गई है। इधर कई अन्य यात्रियों के मोबाइल फोन और पर्स समेत हजारों का सामान चोरी चला गया। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार संजय निनामा (32) बांसवाड़ा राजस्थान के रहने वाले हैं। पिछले दिनों वह यशवंत एक्सप्रेस के एसी कोच में अकोला से इंदौर की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान वह अपना आईफोन सीट पर रखकर सो गए थे। आधी रात को भोपाल स्टेशन के आसपास उनकी नींद खुली तो सीट पर रखा मोबाइल फोन गायब था। काफी तलाश करने पर भी जब मोबाइल नहीं मिला तो उन्होंने उज्जैन जीआरपी में चोरी का केस दर्ज कराया था। डायरी आने के बाद भोपाल जीआरपी ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मोबाइल चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। इसी प्रकार जबलपुर निवासी सुनील कुमार कुशवाहा इंदौर एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में जबलपुर से इंदौर की यात्रा कर रहे थे। सफर के दौरान वह अपना मोबाइल फोन सीट पर रखकर सो गए थे। भोपाल स्टेशन निकलने पर उनकी नींद खुली तो मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 16 हजार रुपए बताई गई है।

इंटरसिटी में युवक की जेब से पर्स उड़ाया उत्तर प्रदेश के ललितपुर में रहने वाला सौरभ मिश्रा भोपाल ग्वालियर इंटरसिटी में भोपाल से बीना की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन में चढने के बाद उन्होंने देखा तो पैंट की अगली जेब में रखा उनका पर्स गायब था। चोरी गए पर्स में 5300 रुपए नकद, आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स समेत अन्य जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे। इसी प्रकार कामाख्या एक्सप्रेस में बैरागढ़ से झांसी का सफर कर रहे एक अन्य यात्री का मोबाइल फोन चोरी हो गया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 13 हजार रुपए बताई गई है। स्टेशन के बाहर खड़ी मोटर सायकिलें चोरी भोपाल निवासी दुर्गेश केवट ने अपनी मोटर सायकिल संत हिरदाराम नगर स्टेशन के बाहर पार्किंग में खड़ी की और ट्रेन में बैठकर शुजालपुर चले गए थे। अगले दिन वापस लौटे तो पार्किंग में खड़ी उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। इसी प्रकार शाजापुर निवासी चांदसिंह मेवाड़ा अपनी बाइक पार्किंग में खड़ी करने के बाद शुजालपुर चले गए थे। वापस लौटने पर उनकी बाइक भी चोरी हो चुकी थी। जीआरपी ने दोनों ही मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



## कैमरे के तार काटकर मंदिर में चोरी करने वाले 2 गिरफ्तार

### कृषि उपज मंडी स्थित खाटूश्याम मंदिर में हुई थी वारदात



**भोपाल।** बैरसिया थानांतर्गत कृषि उपज मंडी परिसर स्थित खाटूश्याम मंदिर का ताला तोड़कर दानपेटी से रुपये चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने पहले लाईट और कैमरे के तार काट दिए थे। घटना के बाद से आरोपियों की तलाश में पुलिस की एक विशेष टीम लगाई गई थी। जानकारी के अनुसार जितेंद्र शास्त्री (30) दीनदयाल कालोनी बैरसिया में रहते हैं और अनाज मंडी स्थित श्री सिद्ध विनायक लक्ष्मीनारायण खाटूश्याम मंदिर में पुजारी हैं। बीती पच्चीस अप्रैल की रात करीब दस बजे वह मंदिर का ताला लगाने के बाद घर चले गए थे। अगले दिन सुबह करीब साढ़े छह बजे पहुंचे तो मंदिर का ताला टूटा मिला और दानपेटी बाहर ग्राउंड में पड़ी मिली। पास जाकर देखा तो दानपेटी का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखी राशि गायब थी। दानपेटी करीब छह महीने से नहीं खोली गई थी। चैक करने पर पता चला कि बदमाशों ने मंदिर परिसर की लाईट और कैमरों के तार काट दिए थे। मुखबिर की मदद से आरोपी गिरफ्तार घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक विशेष टीम लगाई गई थी। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ ही मुखबिरों को सक्रिय किया गया। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने संदेही जितेन्द्र अहिरवार और विनोद मेहर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने मंदिर की दानपेटी से रुपये चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस दोनों आरोपियों से इलाके में हुई अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है।

## महिला ने साड़ी का फंदा बना कर फांसी लगाई, केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित कोलार कॉलोनी में एक महिला ने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही पति उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को महिला के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन के बयान नहीं होने से आत्महत्या के कारण भी स्पष्ट नहीं हो सके है। पुलिस के अनुसार मालती मेहरा पति दीनदयाल मेहरा (44) कोलार कॉलोनी, चूनाभट्टी में रहती थी। उसके परिवार में पति के अलावा बेटा और बहू है। बहू मायके गई हुई है। मालती बंगलों पर हाउसकीपिंग का काम करती है। पति भी बंगलों पर गाड़ियां वॉश करने जाता है। मंगलवार सुबह छह बजे पति बंगलों पर गाड़ी वॉश करने चला गया था। सुबह करीब साढ़े 9 बजे बेटा भी काम पर निकल गया। घर पर मालती अकेली थी। सुबह करीब 11 बजे पति दीनदयाल काम से लौटा तो उसने पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। वह पत्नी को फांसी के फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



## क्राइम ब्रांच का नेत्र एवं दंत परीक्षण शिविर

**भोपाल।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर द्वारा क्राइम ब्रांच कार्यालय अरेरा हिल्स पर निःशुल्क नेत्र एवं दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की आंखों और दातों का परीक्षण किया गया। शिविर में उपस्थित कुशल डाक्टरों ने आधुनिक उपकरणों एवं कृतिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित तकनीकों के साथ कर्मचारियों का परीक्षण किया। इस अवसर पर दवाइयां और चश्मे वितरित किए गए।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी दो महीने से था फरार गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपए का रखा था इनाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले दो महीने से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली एक नाबालिग लड़की दो महीने पहले घर से बगैर बताए लापता हो गई थी। परिजनों ने बीती 14 मार्च को उसके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद से नाबालिग की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने उसे सीहोर से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया था। पूछताछ के दौरान नाबालिग ने बताया कि सीहोर निवासी कमलेश दास बैरागी उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर गया था और शारीरिक शोषण भी किया। इस पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई थी। आरोपी कमलेश दास घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार का इनाम घोषित किया गया था। मंगलवार को मुखबिर से मिली सूचना के बाद आरोपी कमलेश दास बैरागी (31) निवासी श्यामपुर जिला सीहोर को गिरफ्तार कर लिया गया है। लापता नाबालिग लड़की बरामद इधर बिलखिरिया पुलिस ने एक लापता नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली एक नाबालिग बीती नौ मई को घर से बगैर बताए लापता हो गई थी। तलाश करने के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने पहुंचकर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बालिका की तलाश में एक विशेष टीम लगाई गई थी। पुलिस टीम ने चौबीस घंटे के भीतर बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया है।



**मेट्रो एंकर**

### सुभाष नगर फाटक के पास हुआ हादसा

# ट्रेन की चपेट में आने से रिटायर्ड ऑडिटर की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से 82 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। वे डाक विभाग से रिटायर्ड थे। प्रारंभिक जांच में मामला हादसे से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अंबेडकर नगर, ऐशबाग निवासी 82 साल के रणवीर सिंह अंबेडकर नगर ऐशबाग में रहते थे। वे डाग विभाग में आडिटर थे। उनके बच्चों ने पुलिस को बताया कि तीन साल पहले रणवीर सिंह को लकवा लग गया था। वे ठीक हो गए, लेकिन उनका दिमागी संतुलन बिगड़ गया था। वे बिना बताए अक्सर घर से निकल जाते थे। मंगलवार सुबह भी वह घर से बिना बताए चले गए। करीब दस बजे पुलिस को सूचना मिली की सुभाष नगर अंडर ब्रिज के पास किसी बुजुर्ग की लाश पड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। मृतक की तलाशी लेने पर उनके पास से बैंक में रुपए जमा कराने वाली पर्ची मिली थी, जिसमें बेटे का मोबाइल नंबर था। पुलिस ने उक्त नंबर पर कॉल पर बेटे से संपर्क कर उसे घटना की जानकारी दी। परिजन ने मौके पर पहुंचकर रणवीर सिंह की पहचान कर ली।



## मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला-पुरुष घायल

कमला नगर स्थित नेहरू नगर चौराहे के पास एक तेज रफ्तार मिनीट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार महिला-पुरुष घायल हो गए। पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मीनादेवी बंजारा (50) ग्राम कलखेड़ा थाना रातीबड़ में रहती हैं और नगर निगम के पार्कों में माली का काम करती हैं। मंगलवार को वह अपने सुपरवाइजर अमरदास जाटव की मोटर सायकिल पर बैठकर कोलार से शहजहांनाबाद स्थित बैंक पैसे निकालने के लिए जा रही थी। दोपहर करीब बारह बजे वह नेहरू नगर चौराहे के पास पहुंची, तभी मैनिट की तरफ से आ रहे एक मिनीट्रक के चालक ने अमरदास की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों लोगों को इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया। इलाज कराने के बाद मीनादेवी ने थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। स्कूटर सवार मां-बेटी घायल इधर छोला मंदिर इलाके में अज्ञात लोडिंग वाहन की टक्कर से स्कूटर सवार मां-बेटी घायल हो गई। जानकारी के अनुसार रासलाखेड़ी भानपुर निवासी सुमन दोहरे (36) प्रायवेट स्कूल में टीचर हैं। सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे वह अपनी बच्ची के साथ स्कूटर से घर लौट रही थी। भानपुर स्थित पशु बाजार के सामने विदिशा रोड पर साईड से आ रहे अज्ञात लोडिंग वाहन ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे सुमन और उनकी बेटी घायल हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## थार की टक्कर से दो वाहन क्षतिग्रस्त

**भोपाल।** बागसेवनिया इलाके में थार जीप की टक्कर से लोडिंग समेत दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। पुलिस के मुताबिक कमलेश जाटव (42) ओमनगर बागसेवनिया में रहता है और मिस्त्री का काम करता है। दोपहर करीब डेढ़ बजे उसने अपना लोडिंग वाहन कृष्णा आर्केड चौराहे पर खड़ा किया और नाश्ते की दुकान पर जाकर खड़ा हो गया। इसी दौरान एक तेज रफ्तार थार जीप ने उसके लोडिंग वाहन को टक्कर मार दी, जिससे लोडिंग वाहन आगे खड़ी मारुति ईको कार से जाकर टकरा गई। इस हादसे में लोडिंग और ईको कार को काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने थार जीप चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर लिया है।


**कार्यालय कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग भोपाल**
ग्राम बडबाई नई जेल रोड भोपाल पिन कोड - 462038
(Tel-0755-2736200 email - aebhopalmp@gmail.com)
**निविदा विज्ञप्ति (द्वितीय निविदा आमंत्रण)**
(मेस संचालन के लिये केटरिंग संस्था का चयन हेतु पंजीकृत संस्थाओं से निविदा आमंत्रित करने बाबत्)
क्रमांक/तक./निविदा/2025-26/211 भोपाल, दिनांक:- 09.05.25
**-: निविदा सूचना :-**
संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री के केन्द्र का नाम-भोपाल स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण मेस संचालन के लिये केटरिंग संस्था का चयन हेतु एक वर्ष 2025-2026 की अवधि के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है।
कार्य तथा संस्थाओं की पात्रता का पूर्ण विवरण ई.ओ.आई. प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| निविदा क्रमांक | विवरण | निविदा प्रपत्र जारी/क्रय करने की प्रारंभ तिथि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | धरोहर राशि रूपये | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 07/2025 | संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री के केन्द्र का नाम भोपाल स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत मेस संचालन के लिये केटरिंग एजेन्सी के चयन हेतु निविदा आमंत्रण | 15.05.2025 | 2000/- | 200000/- | 05.06.2025 |

1. इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र तथा निविदा की शर्तों की प्रति संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री भोपाल दिनांक 15.05.2025 से निर्धारित मूल्य का भुगतान कर प्राप्त कर सकते है।
2. निविदा का अनुमानित मूल्य राशि रूपयें 35 लाख (राशि रूपये पेंतीस लाख मात्र) वार्षिक है।
3. निविदा प्रपत्र डाक द्वारा दिनांक 28.05.2025 तक क्रय किया जा सकेगा।

कृषि यंत्री
कृषि अभियांत्रिकी संभाग भोपाल
G-12802/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**कार्यकारी संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022